इंटरवल तक तो ये फिल्म हंसाती है। उसके बाद संजीदा हो जाती है। और इसी कारण से मनोरंजन का आधा डोज होकर रह जाती है। इसमें सनी सिंह ने चमन कोहली नाम के ऐसे शख्स का किरदार निभाया है जो दिल्ली के राजौरी गार्डन के इलाके में रहता है। चमन कोहली एक शरीफ सा इंसान है। दिल्ली के हंसराज कॉलेज में हिंदी पढ़ाता है। बायोडाटा के हिसाब से तो शादी के लिए ठीक लड़का है। पर इकतीस का हो जाने के बावजूद चमन की शादी नहीं हो पाती। वजह? वह यह है कि चमन के सिर पर बाल बहुत कम रह गए हैं। आम बोलचाल की भाषा में कहें तो चमन गंजा है। इसीलिए कॉलेज में लड़के- लड़कियां उसके पीछे उसे उजड़ा चमन कह के चिढ़ाते हैं। कोई-कोई उसे टकला भी कह देता है। चमन चाहता है कि किसी लड़की से इश्क-विश्क हो जाए। पर यहां भी उसे नाकामी हाथ लगती है। कुछ समय तक फर्स्ट ईयर की एक लड़की उसे 'चोमू चोमू' कह कर बुलाती है, पर बाद में यह खुलासा होता है कि वह तो उसे परीक्षा के दौरान क्वेश्चन पेपर लीक करने के लिए इस्तेमाल कर रही थी। बेचारा चमन बेवकूफ बन कर रह जाता है। इस तरह चमन की जिंदगी में बहार आने की कोई संभावना नहीं दिखती। थक हार कर वह टिंडर ऐप का सहारा लेता है। एक लड़की (मानवी गागरू)उसे यहां मिलती है। पर वह मोटी है। चमन खुद उसे नहीं चाहता। पर लफड़ा कुछ ऐसा होता है कि चमन के माता-पिता उस लड़की से उसकी शादी तय कर देते हैं। क्या चमन नहीं चाहने के बावजूद उस लड़की से शादी करेगा? यह सवाल उठते ही फिल्म गंभीरता की दिशा में मुड़ जाती है। फिर बात इस ओर चली जाती है कि खूबसूरती क्या है, उसके मायने क्या हैं ? वगैरह वगैरह। एक राह छोड़कर दूसरी पर चलने की वजह से फिल्म का फोकस खराब हो जाता है। जब तक मजाकिया अंदाज बना रहता है, फिल्म हंसाती रहती है। कुछ सीन तो बड़े मजेदार हैं। जैसे एक जगह जब चमन कोहली को 'उजड़ा चमन' कहने पर कॉलेज का प्रिंसिपल एक शरारती लड़के को एक हजार का जुर्माना लगाता है, तो वह लड़का दो हजार का नोट देता है। प्रिंसिपल के पास लौटने के लिए हजार रुपए नहीं है तो वह लड़के को कहता है कि एक बार फिर 'उजड़ा चमन' बोल ले और दो हजार का जुर्माना दे दे। लेकिन मध्यांतर के बाद ऐसे सीन नहीं है इसलिए हंसी के लाले पड़ जाते हैं। चमन कोहली की भूमिका में सनी सिंह फिट हैं। पिता की भूमिका में अतुल कुमार और मां की भूमिका में ग्रूशा कपूर हिंदी रंगमंच में चर्चित हैं। दोनों अपने अपने रोल में खूब हंसाते हैं। मानवी भी प्रभावशाली लगी हैं। वैसे 'उजड़ा चमन' नाम की यह फिल्म ' ओंदू मोत्या कथे' नाम की कन्नड़ फिल्म का हिंदी रीमेक है। गंजेपन से संबंधित ' बाला' नाम की एक और फिल्म अगले हफ्ते रिलीज हो रही है जिसमें आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं। उसके बाद इन दोनों की तुलना तय है। तब तक 'उजड़ा चमन' के सिर पर बाल बचे तो।



जनसत्ता

2 नवंबर, 2019

चीन की बौखलाहट

जम्मू-कश्मीर राज्य से अनुच्छेद 370 को निष्क्रिय किए जाने के बाद अब जम्मू, कश्मीर और लद्दाख को औपचारिक रूप से केंद्र शासित प्रदेशों का दर्जा मिलते ही चीन और पाकिस्तान की बौखलाहट सामने आ गई है। इसे लेकर कोई आश्चर्य इसलिए नहीं है कि ये दोनों देश हमेशा से कश्मीर मुद्दे पर भारत को घेरने की रणनीति बनाते रहे हैं और विवादास्पद बयानबाजी करते रहे हैं। इसलिए इन दोनों देशों से इससे ज्यादा उम्मीद की भी नहीं जा सकती। अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर चीन और पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र में भी काफी हल्ला मचा चुके हैं, लेकिन इनके हाथ कुछ लगा नहीं है। इसलिए अब खिसियाहट में एक बार फिर दोनों देशों ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा मिलने पर जो चिल्ल-पों मचाई है, उसका भारत ने सख्त लहजे में जवाब दे दिया है। कश्मीर का विवाद भारत और पाकिस्तान के बीच है, लेकिन चीन जिस तरह से इसमें कूदता है, वह हैरानी पैदा करता है। भारत के साथ रिश्तों को लेकर चीन हमेशा से दोमुंहेपन का व्यवहार करता रहा है। तीन हफ्ते पहले ही जब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अनौपचारिक दौरे पर चेन्नई आए थे, तब लगा था कि कश्मीर के मुद्दे पर चीन तार्किक और संतुलित रवैया अपनाएगा और संभवत यही वजह थी कि चीन के राष्ट्रपति की इस यात्रा के दौरान किसी भी स्तर पर कश्मीर का प्रसंग नहीं उठा था।

लेकिन अब चीन ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश के दर्जे को भारत का गैरकानूनी फैसला कह कर नए विवाद को जन्म दे डाला है। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है, यह तो चीन भी जानता-समझता है और पूरी दुनिया भी इसे मानती है। ऐसे में उसके इस विरोध का कोई मतलब नहीं रह जाता है। चीन के इस विरोध का कड़े शब्दों में जवाब देते हुए भारत से स्पष्ट कर दिया है कि इन दोनों केंद्र शासित प्रदेशों के बारे में कोई भी फैसला करना भारत का अंदरूनी मामला है और यह भारत की स्थायी नीति के अनुरूप ही है। इसलिए उसे इस मामले में बोलने का कोई नैतिक या कानूनी अधिकार नहीं है। दरअसल, चीन कई बार लद्दाख से लगी भारत-चीन सीमा पर घुसपैठ करता रहा है और लद्दाख के एक हिस्से को अपना बताता रहा है। जबकि हकीकत यह है कि लद्दाख के किसी भी इलाके पर चीन का कोई अधिकार नहीं है। इस बहाने वह एक और सीमा विवाद को खड़ा करने की कोशिशें करता रहा है। पाक अधिकृत कश्मीर के जिस बड़े हिस्से पर चीन ने कब्जा कर रखा है और जिस पर वह अपनी सबसे महत्त्वाकांक्षी परियोजना चीन-पाक आर्थिक गलियारे का निर्माण कर रहा है, वह हिस्सा 1947 से पाकिस्तान के गैरकानूनी कब्जे में है।

सवाल है कि चीन भारत के साथ सीमाओं और इलाकों को लेकर जिस तरह के विवाद खड़े करता रहा है, उस सूरत में उसके साथ बेहतर रिश्तों की कल्पना कैसे की जा सकती है! चीनी राष्ट्रपति की चेन्नई यात्रा के बाद 'चेन्नई कनेक्ट' की जो सहमति बनी थी, वह उसके इस ताजा विरोध से हवा हो गई है। चीन का ताजा रुख बता रहा है कि वह संबंध को और मजबूत बनाने, कारोबार बढ़ाने जैसे कदम भी बढ़ाना चाहता है, लेकिन किसी न किसी बहाने सीमाओं को लेकर भारत को विवादों में घेरे रखना चाहता है। चीन के साथ जितने भी देशों की सीमाएं लगती हैं, उनमें शायद ही कोई ऐसा देश होगा जिसके साथ उसका सीमा विवाद न हो। चीन को चाहिए कि भारत के अंदरूनी मामलों में दखल न दे और सीमा विवादों को तार्किक ढंग से हल करने की दिशा में बढ़े, तभी वह अच्छा पड़ोसी बन पाएगा।

अपना गिरेबां

जब अपने घर में आग लगी हो तो दूसरे के दरवाजों पर अंगुली उठाने का वह सही वक्त नहीं होता। लेकिन पाकिस्तान के अमूमन सभी हुक्मरानों को अपने घर में लगी आग का हल पड़ोसी देश भारत को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश में दिखाई देता रहा है। ताजा स्थिति भी यही है कि एक ओर प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ पाकिस्तान में बगावत की हवा तेज होती जा रही है और दूसरी ओर वे इस कोशिश में अपनी ऊर्जा बर्बाद कर रहे हैं कि कैसे भारत को असुविधा में डाला जा सके! हालत यह है कि वहां के सबसे बड़े धार्मिक गुट जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के प्रमुख मौलाना फजलुर्रहमान की अगुवाई में भारी तादाद में लोगों का जुलूस इमरान खान का इस्तीफा मांगने के मकसद से इस्लामाबाद पहुंच चुका है। आशंकाएं यहां तक जताई जा रही हैं कि अगर आम लोगों की इस भीड़ के गुस्से की वजह से विरोध प्रदर्शन को मजबूत राजनीतिक आधार मिल गया तो इमरान खान की सत्ता पर संकट खड़ा हो सकता है। हालांकि सरकार ने इस मार्च या जुलूस का सामना करने के उपाय किए हैं, लेकिन इससे इतना जरूर साफ है कि पाकिस्तान में एक नई मुश्किल खड़ी होने वाली है।

गौरतलब है कि नया पाकिस्तान बनाने और वहां एक नई हवा बहाने के भरोसे और वादे के साथ इमरान खान ने सत्ता संभाली थी और फिलहाल उन्हें केवल चौदह महीने हुए हैं। लेकिन इस बीच बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई जैसी आम मुश्किलों ने लोगों की जिंदगी को इस कदर तबाह कर दिया है कि पाकिस्तान की विपक्षी पार्टियों के लिए उसके आधार पर विरोध खड़ा करने की ठोस जमीन बन रही है। अब ये पार्टियां जिंदगी में रोजमर्रा की मुश्किलों से जुड़े मुद्दों के साथ आम लोगों के पक्ष में सड़क पर उतर गई हैं। बढ़ते विरोध प्रदर्शनों का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान में अब इमरान की विदाई के नारे भी लगाए जाने लगे हैं। सवाल है कि सवा साल के भीतर ही पाकिस्तान की मौजूदा सरकार ने जमीनी स्तर पर वहां क्या रुख अपनाया, जिसकी वजह से आम जनता को बगावत की शक्ल में सड़क पर उतरना पड़ा? इतने कम दिनों में ही सरकार के सामने आखिर ऐसी नौबत कैसे आई कि 'आजादी मार्च' का दायरा फैलता जा रहा है और सरकार को उसे रोकने के लिए सड़कों-गलियों पर गहरे गड्ढे खोदने पड़ रहे हैं, भीड़ को रोकने के लिए कंटेनर खड़े किए गए हैं और भारी तादाद में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है?

हालांकि यह अलग बात है कि जमीयत के नेता मौलाना फजलुर्रहमान के जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम और उसकी राजनीतिक शाखा अंसार-उल-इस्लाम का मुख्य आधार पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में ही है, लेकिन इमरान खान के इस्तीफे की मांग के साथ जब से लोग आगे बढ़ने लगे तो उसे कुछ दूसरी विपक्षी पार्टियों का भी समर्थन मिल गया। यही वजह है कि शुरुआती दौर में इमरान खान की सरकार ने जिस जुलूस को हल्के तौर पर लिया था, अब उसे रोकने के लिए वह गुजारिश करने से लेकर सख्ती बरतने तक के लिए तैयार है। जाहिर है, ताजा विरोध की हवा के जोर पकड़ने के बाद इमरान खान की बेचैनी बढ़ी है और वे उससे निपटने की कोशिश में लगे हुए हैं। सवाल है कि अगर अपने देश के भीतर उनके प्रति विरोध का पैमाना इस कदर बढ़ रहा है तो क्या उन्हें अपना ध्यान उससे निपटने और पाकिस्तान को संभालने में नहीं लगाना चाहिए, बजाय इसके कि वे नाहक और जबरन भारत की छवि पर चोट करने में अपनी ऊर्जा खपा रहे हैं?

कल्पमेधा

दया का पात्र बनने की अपेक्षा ईर्ष्या का पात्र बनना कहीं श्रेयस्कर है।

-हेरोडोटस

देश छोड़ने की पीड़ा

भगवती प्रसाद डोभाल

विकसित देशों में जो प्रवासी आज मौजूद हैं, उनका यदि सर्वेक्षण किया जाए तो पता चलेगा कि कितने प्रवासी शरणार्थी हैं और कितने अवैध तरीके से वहां रह रहे हैं। लेकिन वास्तविकता में यदि पहचान करने की नौबत आती है तो वे शीघ्र ही अंतरराष्ट्रीय सीमा को पार करने में देरी नहीं करते। जो शरणार्थी हैं, उन्हें तो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार रहने की अनुमति मिल सकती है, पर जो सीमाओं को चोरी-छिपे लांघ कर वहां पहुंचे हैं, उन्हें उस देश से शीघ्र भगाया जा सकता है, उन्हें वहां कोई वीजा नहीं दिया जा सकता है।

रोजगार की तलाश में लोग देश छोड़ने तक को मजबूर हो जाते हैं। इनमें कुशल कारीगर, मजदूर तो होते ही हैं, साथ ही अपने क्षेत्र के पारंपरिक विशेषज्ञ भी होते हैं जो पीढ़ी दर पीढ़ी अपने काम और कौशल को आगे बढ़ाते हैं, पर साधनों के अभाव में देश में न रुक कर दूसरे मुल्कों का रास्ता तलाशते हैं। कुछ लोग वे हैं जो इंजीनियरिंग, डॉक्टरी, प्रबंधन की शिक्षा के लिए बैंकों से लिए कर्ज को लौटाने के लिए जल्दी रोजगार ढूंढ़ने की कोशिश करते हैं। उन्हें यदि देश में रोजगार नहीं मिलता तो उनके पास एक ही चारा बचता है कि देश से बाहर निकला जाए। इस तलाश में अमेरिका और यूरोप मुख्य गंतव्य स्थान हैं, जहां वे अपनी शिक्षा का भरपूर उपयोग करने की इच्छा रखते हैं।

जब बाहर जाने में उन्हें वीजा आदि की जरूरत होती है, तब कोई वैधानिक रास्ता न मिलने के कारण वे गैरकानूनी तरीके अपनाते हैं और दलालों के चक्कर में फंस जाते हैं। ऐसे हजारों मामले लगातार सामने आते रहे हैं। बहुत तो दूसरे देशों में पहुंचने में कामयाब हो जाते हैं। एक बार वे किसी तरह उस देश में घुस जाएं, जहां रोजगार की संभावना है तो किसी न किसी तरह वे उस देश में जुगाड़ कर ही लेते हैं। बहुत से ऐसे उदाहरण हैं जो किसी न किसी बहाने चोरी-छिपे दूसरे देश में पहुंचे और फिर वहीं के हो गए। भारतीय नागरिकों के लिए कनाडा भी एक ऐसा ठिकाना रहा है, जहां वे रोजगार की तलाश में पहुंचे हैं और वहीं बस गए हैं।

ब्रिटिश काल में यानी गुलामी के दौरान अंग्रेज भारत से सस्ते मजदूरों के रूप में हजारों भारतीयों को दूसरे देशों और द्वीपों में ले गए थे। इन मजदूरों के साथ भारत की सांस्कृतिक परंपरा भी दूसरे देशों में जाती रही। तब के इन मजदूरों ने उन देशों को अपने बाहुबल से समृद्ध तो किया ही है, साथ ही वहां के राजनीतिक जीवन में सक्रिय भी हैं। उच्च पदों पर भी आसीन हैं। सर शिवसागर रामगुलाम जैसे कई बड़े नाम हैं जो प्रधानमंत्री तक बने हैं, वे 2005 से 2014 तक मारिशस के प्रधानमंत्री रहे थे। हाल में कनाडा में भी उपप्रधानमंत्री एक सिख बने हैं। ये वे लोग हैं जो वर्षों पहले भारत से चले गए थे, पर उनके मन में एक भावनात्मक लगाव अभी भी बरकरार है, चाहे इस देश में उन्हें रोजी-रोटी नहीं मिली, पर यह उनके पूर्वजों की जन्मस्थली है। इस बात को वे भूले नहीं हैं।

आज भी अनपढ़ से लेकर पढ़ा-लिखा बेरोजगार, रोजगार पाने के लिए उत्सुकता से विदेश जाने की कोशिश कर रहा है। इसी कारण विदेश में जाने के लिए वे दलालों के चंगुल में फंस रहे हैं। हाल की एक घटना है, जब मैक्सिको से तीन सौ भारतीयों को विशेष विमान से भारत वापस भेजा गया। ये सभी कामकाज के लिए अवैध रूप से भारत छोड़ कर गए थे और मैक्सिको के रास्ते अमेरिका में घुसना चाहते थे। इन सभी लोगों ने दलालों को पच्चीस से तीस लाख रुपए अमेरिका जाने के लिए दिए थे। ऐसे ही हजारों लोग पिछले कई वर्षों से लगातार खाड़ी देशों और दूसरे देशों में जाने के लिए दलालों के चंगुल में फंसते रहे हैं। इनमें पंजाब के नौजवानों की संख्या ज्यादा है जो अपनी खेती-बाड़ी, जमीन बेच कर विदेश जाने का सपना पूरा करते हैं। लेकिन ज्यादातर लोगों के साथ होता यही है कि वे दलालों के चंगुल में फंसे रहते हैं और विदेश में अवैध रूप से घुसने के मामले में वहां की कानूनी कार्रवाई का सामना करते हैं और इनमें से कई को तो जेल तक की हवा खानी पड़ जाती है। बाद में भारतीय दूतावासों की मदद से ये लोग छूटते हैं और वापस खाली हाथ अपने घर लौटने को मजबूर होते हैं।

अवैध रूप से दूसरे देशों को जाने वाले लोग एक नहीं बल्कि कई देशों के चक्कर काटते हुए अपने गंतव्य तक पहुंच पाते हैं। अवैध रूप से अमेरिका जाने की कोशिश करने वाले लोगों ने बताया कि इक्वाडोर जाने से पहले उन्हें दुबई ले जाया गया, वहां से रूस के लिए उड़े, रूस से पूरा समूह दो महीने इक्वाडोर में रुका और फिर वहां से वे ग्वेटेमाला पहुंचे और पूरी रात जंगलों में बिताई। फिर इनमें से कुछ ने मैक्सिको के लिए वाहन किया, क्योंकि मैक्सिको की सीमा से ही वे अमेरिका में घुस सकते थे। यहां से सीमा पार करने के लिए दो घंटे का पैदल रास्ता तय किया, ताकि सीमा पर पुलिस नजरों से बच कर अमेरिका में कदम रख सकें।

यूरोप और अमेरिका के लिए रोजगार की तलाश में अवैध तरीके से जाने के मुख्य चार भूमध्य मार्ग हैं। यहां से सिर्फ भारत के लोग नहीं जाते, बल्कि दुनिया के किसी भी देश से वहां पहुंचा जा सकता है। इनमें एक है पूर्वी भूमध्य मार्ग, यह रास्ता तुर्की से होता हुआ जाता है और पूर्वी यूरोप में खुलता है। साल 2011 से जब से सीरिया में युद्ध शुरू हुआ, तब से यह रास्ता भीड़भाड़ वाला हो चुका है। दूसरा भूमध्य सागर मार्ग है। इस रास्ते से दस देशों की जनता यूरोप में पहुंचती है। ये देश हैं- सीरिया, अफगानिस्तान, नाइजीरिया, पाकिस्तान, इराक, सोमालिया, सूडान, जांबिया और बांग्लादेश। तीसरा रास्ता रोजगार की तलाश में अमेरिका जाने का अवैध रूप से केंद्रीय रास्ता है। यहां से अक्सर तस्करी की जाती है, नशीली दवाओं का अवैध धंधा दुनियाभर में यहीं से चलता है। इसका नियंत्रण अमेरिकी सीमा पर होता है। चौथा दक्षिण पूर्व एशिया का मार्ग है, जो राजनीतिक उथल-पुथल, प्रतिबंधात्मक प्रवासन नीतियों से वंचित है और इसने शरणार्थियों के कारण कानूनी ढांचे की कमियों से दक्षिण-पूर्व एशिया के प्रवासियों के लिए खतरा पैदा कर दिया है।

विकसित देशों में जो प्रवासी आज मौजूद हैं, उनका यदि सर्वेक्षण किया जाए तो पता चलेगा कि कितने प्रवासी शरणार्थी हैं और कितने अवैध तरीके से वहां रह रहे हैं। लेकिन वास्तविकता में यदि पहचान करने की नौबत आती है तो वे शीघ्र ही अंतरराष्ट्रीय सीमा को पार करने में देरी नहीं करते। जो शरणार्थी हैं, उन्हें तो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार रहने की अनुमति मिल सकती है, पर जो सीमाओं को चोरी-छिपे लांघ कर वहां पहुंचे हैं, उन्हें उस देश से शीघ्र भगाया जा सकता है, उन्हें वहां कोई वीजा नहीं दिया जा सकता है।

कुछ ऐसे भी लोग हैं जो अपना देश और घर किन्हीं अन्य कारणों से छोड़ते हैं और अवैध रूप से दूसरे देश में जाने को मजबूर हो जाते हैं। कई बार लोग अपना देश गृह युद्ध, अन्य आंतरिक संकटों के कारण छोड़ते हैं, या फिर अर्थव्यवस्था चरमराने के बाद बिगड़े हालात के कारण दूसरे देश में जाना चाहते हैं। लेकिन उन्हें 1951 की शरणार्थी संधि के आधार पर उस देश में रखने का प्रावधान नहीं है, जहां वे रोजगार के लिए शरण लेने गए हों। ऐसे में अधिकांश देश ऐसे लोगों को अपने यहां शरण नहीं देते और उन्हें उनके देश वापस भेज देते हैं। ऐसे देशों में ग्रीस, रूस, जर्मनी, स्वीडन, नीदरलैंड, पोलैंड, हंगरी, दक्षिण अफ्रीका, आस्ट्रेलिया, जापान, ब्रिटेन, इजराइल, कनाडा, इटली, फ्रांस, स्पेन, अमेरिका और मैक्सिको हैं।

चोरी-छिपे और गैरकानूनी रूप से दूसरे देशों में जाने वालों को उस देश में कभी भी सम्मान की नजरों से नहीं देखा जाता। ऐसे में बेहतर यही होता है कि दूसरे देशों के आकर्षण और ज्यादा पैसे के प्रलोभन में दलालों के चंगुल में न फंसा जाए। यह सरकारों की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने देश में ही युवाओं को रोजगार मुहैया कराएं, ताकि लोगों को काम-धंधे के लिए दूसरे देशों का मुंह न ताकना पड़े और दलालों के चंगुल से बच सकें।

बाजार में समाज

बीनू कबीर

दुनिया मेरे आगे

हम सब अपने-अपने जीवन में चौराहों, नुक्कड़, गली और मकान को कुछ खास मायने में याद रखते हैं। कुछ गलियां और चौराहे हमारे शहर में होते हैं, बस हम उनसे अनजान रहते हैं। लेकिन बहुत दिनों तक अनजान नहीं रह पाते। एक न एक दिन खरीदार बन कर वहां पहुंच ही जाते हैं। सबकी वहां पहुंचने की अपनी-अपनी वजहें होती हैं। कुछ खरीद-बिक्री अलहदा होती है। श्रम की खरीद-फरोख्त कम से कम कीमत पर जहां होती है, वह है 'लेबर चौराहा'! यह 'चौराहा' हमारे सभी शहरों और कस्बों में मौजूद है। पूंजी और श्रम का निम्नतम और न्यूनतम का खेल हम यहां देख सकते हैं। कुछ न समझ पाएं तो बिकने वाले और खरीदने वाले का चेहरा तो देख ही सकते हैं। फिर घर आकर श्रम कानून पढ़ सकते हैं!

दूसरा, इलाका है 'रेड लाइट एरिया'। घटना कहीं की हो सकती है, कहीं भी हो सकती है। युद्ध के मैदानों में, सरकारी आश्रय-स्थलों में, घर में या चिह्नित स्थलों, मसलन सोना गाछी, जीबी रोड जैसे तमाम रेड लाइट एरिया में। चमड़ी और दमड़ी का खेल कैसे चल रहा है, यह हम समझ सकते हैं। यहां पुरुष की दृष्टि संपन्नता और दरिद्रता दिख जाती है। सवाल है कि पुरुष हृदय से संचालित होता है या हार्मोनों से? दोनों को मर्यादा में रखने का शिक्षण-प्रशिक्षण उसे मिला है या नहीं? औरत उसके लिए एक उम्र तक कौतूहल है, एक उम्र में आनंद, एक समय में खिलौना और एक समय में कूड़ादान।

स्त्री और पुरुष के लिए एक-दूसरे को जानना एक जैसा नहीं होता। भाषा, संस्कृति, मानसिक, शारीरिक संरचना, आर्थिक, सामाजिक अवस्थिति दोनों को भिन्न बिंदुओं पर रखती है। यों तो इंसान के लिए किसी दूसरे इंसान को जानना भी सहज नहीं। जब हम किसी को जानना शुरू करते हैं, तब यह जानते हैं कि अब तक जानते ही नहीं थे या कितना कम और कितना अलग जानते थे। फिर जानना और समझना सीखते हैं। हम 'जजमेंटल' होने की जगह 'रेशनल' होना सीखते हैं। शब्दों को सचमुच जीते हुए उनका होना महसूस करते हैं। साथ शब्दों की बाजीगरी और जादूगरी भी पकड़ पाते हैं।

समाज की संरचना में कुछ बातें खुद बुनी और बंधी हैं जो स्त्री-पुरुष संबंध को मर्यादित रखती हैं। तमाम रिश्तों की डोर उन्हें सम्मान करना सिखाती है, लेकिन शायद सहज होना नहीं सिखाती। उनकी जिज्ञासाओं और कुंठाओं को जगह ही नहीं देती। फिर कैसे वे मनोग्रंथि बन जाती हैं!

समाज की संरचना की कमियों को राज्य कानून बना कर दंड का प्रावधान करके पूरा करता है, क्योंकि राज्य अपने नागरिकों के संरक्षक की भूमिका में होता है और ऐसा करना उसके लिए अनिवार्य है। व्यक्ति हो संस्था हो या फिर कोई पद, सबको जानने-समझने की एक प्रक्रिया है, जिसमें वक्त लगता है। सब्र की दरकार होती है और परिणाम के प्रति तटस्थ, यहां तक कि निर्मोही होना पड़ता है।

यहां यह रेखांकित किया जा सकता है कि कर्ता की भूमिका में व्यक्ति ही दोनों जगह है- राज्य में और समाज में भी। ऐसी स्थिति में व्यक्ति का मानस, यानी हृदय, विवेक और हार्मोनों का संयोग ही वह जगह है, जिसकी पड़ताल करनी होगी। व्यक्ति यानी स्त्री-पुरुष और अन्य की मानस संरचना कई बिंदुओं पर समान होती है, लेकिन अधिकांश बिंदुओं पर भिन्नता है। फिर व्यक्तित्व के विभिन्न स्तर उसे जटिल से जटिलतम बनाते जाते हैं। देश-काल के साथ जोड़ कर देखें तो परिवार, संस्कृति, जीवन शैली, आर्थिक स्तर, उसमें समय-समय पर भय, संदेह, प्रतिशोध, लालच, घमंड को उसके मानस का हिस्सा बनाते जाते हैं। अगर व्यक्तित्व के इन तमाम बिंदुओं और स्तरों पर गाहे-बगाहे बात न हो, इसका प्रकटीकरण, परिमार्जन, संशोधन, पुनर्निर्माण न हो, तो एक बीमार और मृत्यु की तरफ अग्रसर व्यक्ति ही दिखेगा और ऐसा समाज भी ऐसा ही होगा।

ऐसी स्थिति में राज्य के लिए व्यवस्था का सकुशल संचालन असंभव हो जाएगा। नौकरशाही हो या राजनीतिक नेतृत्व या फिर सामाजिक चिंतक और कार्यकर्ता- सब विफल होंगे। या कभी कहीं वे भी हमें इस दुरभि संधि में शामिल दिखेंगे। फिर सारे 'लेबर चौराहे', सोना गाछी, जीबी रोड और राज्य के आश्रय-स्थल, सब एक ही कहानी कहेंगे। मजबूरी और लाचारी की कहानी। बद से बदतर सामने आएगा।

ऐसा तब होता है, जब व्यक्ति 'वस्तु' बन जाता है, अपने निर्णय दूसरों और परिस्थितियों के हवाले कर देता है, जब समाज 'बाजार' बन जाता है, जहां जरूरतें ही नहीं, मजबूरियां भी बेची और खरीदी जाती हैं, जब किसी भी तरह की सूचना ही 'ज्ञान' बन जाती है, तब समाज, राज्य और इनकी संस्थाएं, इनके पदाधिकारी अपने ही सदस्यों और नागरिकों से सौदा करते हैं। सौदा वही कर पाता है जो कीमत अदा कर पाता है और बिकने वाले इंसान, वे पुरुष हों या स्त्री, निरीह मूक पशुओं की तरह बिक जाते हैं। इन सबके बीच एक संवेदनशील हृदय के साथ वैज्ञानिक विवेक और सक्षम रीढ़ से संपन्न इंसान विलुप्तप्राय हो गया है!

कामकाजी सहूलियत

आधुनिक तकनीक के विकास से प्रशासनिक कामकाज में काफी आसानी हो गई है। इसी के मद्देनजर दफ्तरी कामकाज को कागज के बजाय डिजिटल रूप में संपन्न करने पर लंबे समय से जोर दिया जा रहा है। बहुत सारे दफ्तर इस पर पूरी तरह निर्भर हो चुके हैं, पर अब भी कई महकमे ऐसे हैं, जिनमें पुरानी परिपाटी से कामकाज होता आ रहा है। रेलवे महकमा भी उनमें से एक है। मगर अब रेलवे ने भी इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया है। रेलवे के अट्ठावन दफ्तरों में अब कागजों पर कामकाज बंद हो चुका है। उन दफ्तरों को इ-ऑफिस से जोड़ दिया गया है। अब वहां रजिस्टरों और दूसरे तरह के कागजात पर कामकाज के बजाय कंप्यूटरीकृत इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों को आपस में जोड़ कर संचालित किया जाने लगा है। इससे न सिर्फ कागज की बर्बादी रुकेगी, बल्कि फाइलों को एक से दूसरी जगह भेजने, उन पर संस्तुति मिलने आदि में जो विलंब होता था, वह भी रुक जाएगा। इस तरह स्वाभाविक ही कामकाज में गति आएगी और मानवश्रम भी बचेगा। रेलवे सबसे बड़ा सरकारी महकमा है, पूरे देश में इसका संजाल फैला है, वहां एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय तक फाइलों को भेजने और वहां से कार्रवाई पूरी होने के बाद लौटने में काफी वक्त जाया होता था। यह नई व्यवस्था लागू होने से समय और धन की काफी बचत होगी।

यों रेलवे में टिकट खरीदने, माल ढुलाई के लिए बुकिंग कराने, रेलों के संचालन आदि में कंप्यूटरीकृत व्यवस्था काफी समय से लागू है। इससे मुसाफिरों और कारोबारियों आदि को काफी सुविधा भी हुई है। पहले टिकट खरीदने के लिए लोगों को टिकट खिड़कियों पर घंटों कतार में खड़े रहना पड़ता था। पर जब से आनलाइन बुकिंग सेवा शुरू हुई है, अब कोई भी कहीं से भी टिकट खरीद लेता है, रेलों से संबंधित जानकारियां हासिल कर लेता है। यही नहीं, चलती गाड़ी में अगर कोई अपने लिए भोजन आदि का आदेश देना चाहे तो रेलवे खानपान सेवा उसे वहां उपलब्ध करा देती है। रेल सेवा से संबंधित अगर किसी की कोई शिकायत है, तो उसका भी आनलाइन निपटारा हो जाता है। मगर अभी तक रेलवे का कार्यालय संबंधी बहुत सारा कामकाज रजिस्टरों और फाइलों पर होता आ रहा था। अब उस दिशा में भी सहूलियत लाने के मकसद से आनलाइन कामकाज की प्रणाली विकसित कर दी गई है।

आनलाइन कामकाज से बहुत सारे महकमों में न सिर्फ धन की काफी बचत होने लगी है, बल्कि उसका त्वरित निष्पादन भी हो जाता है। बैंकिंग क्षेत्र इसका सर्वोत्तम उदाहरण है। अब ग्राहकों को लेन-देन संबंधी गतिविधियों के लिए बैंकों में कतार नहीं लगानी पड़ती। अगर उन्हें कोई शिकायत दर्ज करानी है या कोई जानकारी चाहिए, तो कभी भी कहीं से भी तुरंत शिकायत दर्ज करा या जानकारी पा लेते हैं।

रेलवे में इ-दफ्तर प्रणाली लागू होने से वहां भी ऐसी अनेक गड़बड़ियों से बचा जा सकेगा। इससे कामकाज में पारदर्शिता भी आएगी। कागज पर कामकाज होने से सबसे बड़ी परेशानी होती है उन दस्तावेजों को संभाल कर रखना। किसी आपदा में या अन्य कारणों से अगर वे दस्तावेज नष्ट हो जाएं, तो उनसे जुड़े सारे काम प्रभावित होते हैं। इस तरह समय की जरूरतों के मद्देनजर रेलवे का यह कदम निस्संदेह सराहनीय है।

● *अनन्य प्रकाश सिंह, द्वारका, नई दिल्ली*

वृक्षों की बलि

भोपाल में विधायकों के आवास के लिए 2500 पेड़ काटे जा रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले मुंबई के आरे में मेट्रो परियोजना के लिए 20,000 से अधिक हरे-भरे पेड़ काट दिए गए। इसी तरह चार लेन या छह लेन सड़क निर्माण के लिए हजारों पेड़ों की बलि चढ़ा दी जाती है। जिस अनुपात में वृक्ष काटे जा रहे हैं, उस अनुपात में लगाए नहीं जा रहे हैं। आखिर विकास के नाम पर हरे-भरे पेड़ों को कब तक काटा जाएगा? वर्षा कराने, ऑक्सीजन देने, प्रदूषण से मुक्ति दिलाने, बाढ़ से बचाने, गरीबों को कंदमूल व रोजी-रोटी देने, पशु-पक्षियों के पेट भरने व बसेरे में सहायक ये पेड़ कब तक इसी प्रकार विकास के नाम पर काटे जाते रहेंगे? एक तरफ सरकार हरियाली महोत्सव मनाती है, वृक्षोरोपण अभियानों पर करोड़ों रुपए खर्च करती है मगर दूसरी तरफ इस प्रकार की विनाशलीला! यह तो समझ से परे ही है!

● *हेमा हरि उपाध्याय अक्षत, खाचरोद, उज्जैन*

जागरूकता की जरूरत

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आधुनिक जीवनशैली, भागदौड़ भरी जिंदगी, रातोंरात शिखर पर पहुंचने की आकांक्षा और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण विश्व में 45 करोड़ लोग मानसिक बीमारियों जैसे तनाव, अवसाद और असुरक्षा की भावना से ग्रस्त हैं। हमारे देश में भी मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसके मद्देनजर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता लाने की आवश्यकता है। ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में अंधविश्वासों के चलते मानसिक रोगियों को हेय दृष्टि से देखा जाता है। इस सोच को बदला जाना चाहिए। सामाजिक उपेक्षा और अवेहलना के कारण प्रायः हर शहर-कस्बे-गांव में मानसिक रोग से पीड़ित घूमते देखे जा सकते हैं। जरूरी है कि परिवार के लोग इन मानसिक रोगियों के साथ संवाद बनाए रखें और उन्हें समझने के प्रयास जारी रखें।

● *भूपेंद्र सिंह रंगा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय*

बदहाल प्राथमिक शिक्षा

किसी देश के विकास का अंदाजा आप उसकी प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को देखकर लगा सकते हैं। भारत के कई राज्यों में प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था की हालत दयनीय है। उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों के स्कूलों में छत, शौचालय, ब्लैक बोर्ड, बैठने के लिए बेंच जैसी आधारभूत सुविधाएं ही नदारद हैं। उत्तर प्रदेश के सरकारी प्राथमिक स्कूलों की खराब हालत का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि वहां निजी अंग्रेजी स्कूलों की बाढ़ आ गई है।

सरकारी स्कूलों में पढ़ाई व्यवस्था चौपट होने के कारण अंग्रेजी माध्यम के स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से पनप रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा शिक्षा नीति का कार्यान्वयन जमीनी स्तर पर नहीं किया जा रहा है। आजकल अंग्रेजी भाषा का महत्त्व बढ़ गया है इसीलिए अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा का चलन तेजी से बढ़ रहा है। इधर कॉन्वेंट और पब्लिक स्कूलों के नाम पर तेजी से प्राइवेट स्कूल खुल रहे हैं। जाहिर है कि हिंदी माध्यम के स्कूलों में शिक्षा का गिरता स्तर इसके लिए जिम्मेदार है, वहीं सरकार की ढुलमुल नीति भी इसके लिए सबसे अधिक दोषी है।

● *सुशील वर्मा, गोरखपुर विश्वविद्यालय*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

मची खलबली

हरियाणा में जाट तबके से भाजपा अपने किस विधायक को मंत्री बनाएगी, इसे लेकर उठापटक और लाबिंग तेज हो गई है। मनोहर लाल खट्टर की पिछली सरकार में दो जाट कैबिनेट मंत्री थे। लेकिन कैप्टन अभिमन्यु और ओम प्रकाश धनखड़ दोनों ही इस बार चुनाव हार गए। यों भाजपा ने कुल बीस जाट उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। पर जीत पाए महज पांच। जो मंत्री पद के लिए उपयुक्त समझे जा रहे थे वे दोनों ही हार गए। यों खट्टर ने जजपा के दुष्यंत चौटाला को उपमुख्यमंत्री बना दिया है। पर जाटों को भी तो सकारात्मक संदेश देना लाजिमी है। वैसे भी चुनाव नतीजों के बाद भाजपा पर आरोप लग रहे हैं कि उसने जाटों की अनदेखी की। उसी के चलते जाट और दलित भाजपा से रूठ गए। उन्होंने भाजपा को हराने के लिए लामबंद होकर मतदान किया। कहीं कांग्रेस के उम्मीदवार का वरण किया तो जहां जजपा उम्मीदवार लड़ाई में दिखा वहां जजपा के साथ चले गए। इस बार विजयी हुए भाजपा के जाट उम्मीदवारों महिपाल ढांडा (पानीपत), कमलेश ढांडा (कलायत), जेपी दलाल (लोहारू), प्रवीण डागर (हथीन) और निर्मल रानी (गन्नौर) में से अकेले महिपाल ढांडा ही दूसरी बार जीते हैं। निर्दलियों में भी कुछ जाट भाजपा के बागी हैं। ऐसे में दावेदारी तो महिपाल ढांडा की ही बनती है। पर कविता जैन के हार जाने के कारण कहीं महिला के नाते निर्मल रानी और कमलेश ढांडा में से किसी की लाटरी न खुल जाए। इन सबके बीच रणजीत सिंह चौटाला भी मंत्री पद का ख्वाब देख रहे हैं। भाजपा उन्हें मंत्री बनाना भी चाहेगी तो दुष्यंत अड़ंगा जरूर लगाएंगे।

बेबाक बोल

अमेरिका के राष्ट्रपति ने आधिकारिक घोषणा की कि इस्लामिक स्टेट का सरगना बगदादी मारा गया। डोनाल्ड ट्रंप के दावे की बात करें तो जिस आतंकवादी को कुत्ते की मौत मारने के लिए एक कुत्ता ही काफी था वह पूरी दुनिया में लोगों का जानवरों की तरह शिकार क्यों कर रहा था? ईरान के सूचना व प्रसारण मंत्री मोहम्मद जावेद का कहना है कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपने ही सृजन को सहजता से खत्म कर दिया है।

अल-कायदा सरगना उसामा बिन लादेन हो या बगदादी, ये उन्हीं साम्राज्यवादी ताकतों द्वारा खड़े किए गए जिनके लिए ये ही बाद में भस्मासुर बन गए। जिस जमीन पर सभ्यता और संस्कृति फली-फूली अब वहां धर्म के नाम पर बर्बरता के आका पैदा कर दिए गए हैं। राजनीतिक और आर्थिक ताकतें ही अपने स्वार्थ के लिए इन्हें खड़ा करती हैं। फिलहाल आतंक के एक चेहरे के अंत पर बेबाक बोल।

आतंक का अंत!

मुकेश भारद्वाज

'बगदादी को पहले ही और बहुत बेरहमी से मारा जाना चाहिए था। मैं बहुत खुश हूं। मेरे पति को 38 अन्य लोगों के साथ मारा गया था और इसके पीछे आइएस का हाथ था। मुझे इस बात की खुशी है कि आतंकवादियों का शिविर पूरी दुनिया में ध्वस्त किया जा रहा है। इससे भविष्य में कई लोगों की जान बचेगी'।

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले की दो महिलाओं की जिंदगी में अमेरिकी फौज की कार्रवाई का क्या असर होता है ये उद्धरण यही बताता है। मध्य पूर्व में धर्म के नाम पर बर्बरता फैलाने वालों को प्रश्रय देने का भारत के एक छोटे से इलाके पर क्या असर होता है? बगदादी के मारे जाने की खबरें पहले चाहे जितनी बार झूठी साबित हो गई हों लेकिन धर्म के नाम पर फैलाए गए खौफ के साम्राज्य का सच हम सबके सामने है। उन वीडियो का सच हमारे सामने है जिनमें जेहाद के नाम पर लोगों का अपहरण कर कैमरे के सामने गला रेत कर मार दिया गया। हिंदुस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से लेकर यूरोपीय देश और अमेरिका तक इसके शिकार हैं। आतंकवादियों के आका के मारे जाने की इस बार आधिकारिक रूप से पुष्टि हुई है। अमेरिका का दावा है कि उसके डीएनए विशेषज्ञों ने पुख्ता सबूत दिए कि मारा गया आतंकवादी बगदादी ही था।

इसके पहले अमेरिकी फौज की ही कार्रवाई में पाकिस्तान के ऐबटाबाद में अल-कायदा का सरगना उसामा बिन लादेन मारा गया था। अमेरिका पर आरोप है कि तालिबान में पैदा हुए अल-कायदा नाम के आतंकवादी संगठन को उसने ही अपने स्वार्थों के तहत खड़ा किया था। अमेरिका के होश तब उड़े थे जब अल-कायदा ने उसके घर में हमला किया और उसकी सर्वशक्तिमान सत्ता को चुनौती दी। अमेरिका में जुड़वां मीनार का गिरना और उसमें तीन हजार लोगों का मरना वह मोड़ था जब अमेरिका ने इस संगठन के खात्मे के लिए सोचा। बराक ओबामा को पता था कि बिना आतंकवाद पर मजबूत वार किए अमेरिकी जनता को भरोसे में नहीं लिया जा सकता। इसमें कोई शक नहीं कि उसामा बिन लादेन की मौत के बाद अल कायदा का नेटवर्क बहुत कमजोर पड़ा और ओबामा की छवि चमकी।

ऐबटाबाद में उसामा बिन लादेन की मौत के बाद उसका एक वीडियो जारी हुआ था, जिसमें वो अपने खौफ के संदेशों का वीडियो बनवा रहा था। वीडियो में दिखता है कि वह धमकी भरे संवादों को बोलने के लिए कितना अभ्यास करता है, कहीं हिचकता है तो कहीं अटकता है। उस वीडियो से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कैसे कोई साधारण सा आदमी असाधारण होने का दिखावा कर अपना खौफ कायम करता है। जेहाद के यलगार के पीछे कई बीवियों और बच्चों के बीच एक आम आदमी की सी छवि। सत्ता और समाज का स्वार्थ ही ऐसे हत्यारे पैदा करते हैं जो बाद में सत्ता और समाज के लिए ही सबसे बड़ा खतरा बन जाते हैं।

उत्तर पश्चिमी सीरिया में इस्लामिक स्टेट के नेता अबु बकर अल बगदादी के अंत के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

फोटो साभार : ट्विटर

दावा करते हैं-हमारे कुत्ते उसे खदेड़ रहे थे। सुरंग के आखिरी छोर पर वो गिर गया और तीन बच्चों के साथ अपने कमर में बंधे बम से खुद को उड़ा लिया। बगदादी गिड़गिड़ाते हुए रो रहा था। दुनिया के नंबर वन आतंकवादी की मौत।

उसामा से लेकर बगदादी तक, आतंक के चेहरों का ऐसा ही अंत होता है। अमेरिका ने बताया कि बगदादी को मारने में उसका एक कुत्ता जख्मी हो गया। कुत्ते ने खदेड़ा और बगदादी ने खुद को विस्फोटक से उड़ा लिया। उसामा बिन लादेन और बगदादी की मौत के अंतिम क्षण यही बताते हैं कि धर्म के नाम पर हत्या करने वालों को जन्नत और हूरें नहीं कुत्ते की मौत नसीब होती है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्विटर हैंडल पर उस कुत्ते के साथ फोटोशॉप तस्वीर डाली जिसने बगदादी को खदेड़ा था।

जब ऐसे लोगों को मारने के लिए कुत्ते ही काफी होते हैं तो फिर इन्हें इंसानियत के एक बड़े हिस्से की हत्या करने का समय क्यों दिया जाता है? जिसके लिए एक कुत्ता ही काफी था वह पूरी दुनिया में लोगों का जानवरों की तरह शिकार क्यों कर रहा था? क्या इस पूरी मुहिम में अमेरिका नायक भर है? ईरान के सूचना व प्रसारण मंत्री मोहम्मद जावेद कहते हैं कि अमेरिका द्वारा बगदादी का खात्मा कोई बड़ी बात नहीं है, दरअसल उसने अपने ही सृजन को साधारण तरीके से खत्म कर दिया।

आज पूरी दुनिया में जहां रोजी-रोटी की समस्या बढ़ रही है, वहीं दुनिया भर के शासक जनता को भरमाने के लिए युद्धोन्माद और उग्र राष्ट्रवाद का सहारा ले रहे हैं। दुनिया का सबसे महंगा बाजार हथियारों का ही है जिसके आपूर्तिकर्ता अमेरिका, फ्रांस और इजराइल जैसे देश हैं। इसके मूल में इन देशों की साम्राज्यवादी नीति ही है। अफगानिस्तान में कम्युनिस्ट शासन के खिलाफ तालिबान को खड़ा किया गया। लेकिन सोवियत संघ का विघटन और अफगानिस्तान में कम्युनिस्ट शासन के खात्मे के बाद यह साम्राज्यवादी ताकतों के लिए अनुपयोगी हो गया। इन बर्बर लड़ाकों ने जबरिया सेवानिवृत्ति के बजाए अमेरिका और अन्य साम्राज्यवादी देशों में भी अपने पांव पसारने शुरू कर दिए। तालिबान का भस्मासुर नौ सितंबर 2001 को अमेरिका में तबाही मचा गया।

अफगानिस्तान जैसा ही उदाहरण हम सीरिया में भी देखते हैं। यहां की लड़ाई में इस्लामिक स्टेट को एक रणनीति की तरह खड़ा किया गया था। इसके पहले ईरान और इराक को लड़ाकर आधुनिक सभ्यता से दूर किया गया। वहां इस्लामिक कट्टरता को बढ़ावा दे तबाही का मंजर बनाया गया जिसमें स्वाभाविक तौर पर हथियार का इस्तेमाल होना था। हथियार बेचने वाला ही अफगानिस्तान में था और वही अब सीरिया में भी है। और जब लगने लग जाता है कि ये ताकतें साम्राज्यवादी पूंजी को नुकसान पहुंचा रही हैं तो फिर इन्हें कुत्तों की मौत मारने का तमगा भी हासिल कर लिया जाता है। ये तमगा कितना अहम है यह इसी बात से समझा जा सकता है कि भारत सहित दुनिया में कई जगह के जनसंचार के माध्यम इससे पहले कई बार बगदादी को मार चुके हैं। इस बार जबकि इसका एलान सर्वशक्तिमान की तरफ से किया गया है तो हम उम्मीद जता सकते हैं कि अब इस्लामिक स्टेट का नेटवर्क कमजोर होगा।

मध्य पूर्व में तेल की राजनीति ने विश्व को बड़ा बाजार और विनाश दोनों का कारण दिया। तेल आधुनिक औद्योगिक युग का इंजन है और उस पर कब्जे की मारकाट में शक्तिशाली देशों ने इस पूरे हिस्से को कमजोर करने की साजिश रची। जो मध्य पूर्व सभ्यताओं का जनक रहा वहां नफरत की चिंगारी फैलाई गई। इस पूरे क्षेत्र को धार्मिक कट्टरपंथियों का संघर्ष क्षेत्र बनाया गया। बामियान की जिन गुफाओं में बुद्ध की शांति बसती थी वहां विस्फोट किया गया। 1970 के दशक के पहले के काबुल की तस्वीरें आज भी बहुत जगह उपलब्ध हैं। यह वह समय था जब काबुल की लड़कियां पाश्चात्य शैली के कपड़ों में विश्वविद्यालय परिसरों में जाती थीं। लेकिन पिछले पचास सालों में इस पूरे क्षेत्र को धार्मिक बर्बरों और शक्तिशाली देशों का सैन्य अड्डा बना दिया गया जिसका सबसे बड़ा नुकसान इस क्षेत्र की औरतों और बच्चों ने उठाया। जो बच्चे और बच्चियां बड़े हुए उनके सारे अधिकार छीने जा चुके थे। आज अफगानिस्तान से लेकर सीरिया ने जो खोया है उसकी भरपाई तो नहीं हो सकती। लेकिन दुनिया में खोने वाला हिस्सा जितना बड़ा होता जाएगा खौफ का साया भी उतना बढ़ता जाएगा। धर्म, साम्राज्य और बाजार का यह खेल जितनी जल्दी कमजोर पड़े उतना अच्छा।

इस विशेष पन्ने पर आपके ढेरों पत्र हमें लगातार मिलते हैं। हर बार मुमकिन नहीं कि सारे पत्रों का हम इस्तेमाल कर पाएं। पर यह तो तय है कि आपके पत्रों से आपकी पसंद और विषयों के चुनाव में हमें मदद मिलती है। इस बार का यह विशेष पन्ना आपको कैसा लगा? आप अपनी राय भेज सकते हैं। हमारी ई-मेल आइडी है : vishesh.jansatta@expressindia.com

आपके पत्र

बदलाव की उम्मीद का भाव

'बेबाक बोल' हमेशा की तरह भारत से भारत को बोलता है। भारत की प्रकृति और संस्कृति की समझ के साथ यहां आम आदमी का मन कैसे चलता है, वह अपने जीवन को किस तरह और कैसे देखता है? घोर अभाव के बीच भी कहां से फूट पड़ता खुशियों का झरना इसे देखना और जानना हो तो शहर से गांव और गांव से शहर तक एकबारगी बाजार घूम आइए। इस समय जब त्योहार के साथ मानव प्रकृति भी खिली और खुली है, यह हमारी प्रकृति और संस्कृति ही है कि घोर काली अमावस की रात को दीये की रोशनी से जगमग करती है। इस तरह अंधेरा हरती है जीवन में उल्लास का वरण करती है। समाज के हर अमीर-गरीब के बीच दीये का प्रकाश उल्लास का रंग भरता है। यह सब कुछ संभव होता है हमारे भीतर बसे चैतन्य और बदलाव की उम्मीद का भाव लिए मन से। यह उम्मीद की एक दिन अंधेरा छंटेगा। यह भाव ही रोशन करता है हर अंधेरे के खिलाफ। मिट्टी के दीये अपनी जगह पर स्थिर रहते हुए ही अंधेरे के विरुद्ध उजाले का जीवन का गीत लिखते रहते हैं। इस गीत में गांव होता है, माटी और माटी को गुंथने वाले हाथ होते हैं। सब एक-दूसरे से जुड़ते हुए उजाले की और उल्लास की कथा कह जाते हैं। इस समय किसी भी बाजार में निकल जाइए सब जगह एक तेज गति और अपने साथ कुछ न कुछ घर ले जाने की परंपरा का मेला लगा है। यह त्योहार एक तरह से जीवन के चलने का ही मेला हो जाता है। लेखक ने सही लिखा है कि आमदनी रुपया हो तो अठन्नी खर्च करने की उम्मीद आम जन में होती है। जिससे बाजार चलता है, हम सब चलते हैं। सबके जीवन में यह उम्मीद और उजाला तभी आएगा जब हम सब समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति की आंखों में उम्मीद का सपना और सामाजिकी का पाठ लेकर चलेंगे। यह संभव होगा जब हम सामाजिक भाव के साथ अपने किसान-मजदूर, श्रमिक शिल्पकार, कुम्हार के काम को मूल्य और महत्व प्रदान करेंगे। इसके लिए बाजार जाना होगा। जो भी देशी उत्पाद है उसे खरीद कर एक-दूसरे को मजबूत करते हुए अपनी अर्थ संरचना को भी मजबूत करेंगे और देश के साथ आम आदमी की उम्मीद और उल्लास को भी यह त्योहार ही हर तरह के अंधेरे को छांट कर जीवन में उम्मीद का सपना भरता है।

-**विवेक कुमार मिश्र**, समृद्धि नगर स्पेशल, बारां रोड, कोटा, राजस्थान।

राजकाज
अंधेरे के खिलाफ

त्योहारों का असली मकसद

भारत सारी दुनिया मे देवभूमि के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर जितने धार्मिक स्थान और धार्मिक प्रवृत्ति के लोग हैं, वो भी विभिन्न धर्म-संप्रदाय के, उतने शायद ही दुनिया के दूसरे किसी देश में होंगे। भारत ऋषि-मुनियों, गुरुओ, पीर-पैगंबरों की धरती है। यहां समय-समय पर या यूं कहें कि लगभग हर रोज कोई न कोई त्योहार, पर्व या धार्मिक आयोजन होते ही रहते हैं, जो कि इंसानियत का सबक देते हैं। त्योहार कोई भी क्यों न मनाया जाए, लेकिन उसके इतिहास पर भी जरूर ध्यान देना चाहिए। हर धर्म का त्योहार सच्चाई, अच्छाई, ईमानदारी की राह की ओर अग्रसर करता है। भारत तो त्योहारों, मेलों और पर्वों का खजाना है। यहां की सभ्यता, संस्कृति और परंपराओं ने दुनिया को नेक राह पर चलने की हमेशा ही शिक्षा दी है। अफसोस तो इस बात का है कि अब हमारे देश में ही लोग अपनी सभ्यता-संस्कृति और परंपराओं को भूलते जा रहे है। अब तो यहां त्योहारों और पर्व पर भी भौतिकतावाद और आधुनिकता का रंग चढ़ता जा रहा है। अगर ऐसा नहीं होता और देश का हरेक नागरिक हर त्योहार और पर्व को मनाने के साथ उसके इतिहास पर अमल करता तो आज हमारे देश में परोपकार, नैतिकता और इंसानियत का पतन न हो रहा होता।

-**राजेश कुमार चौहान**, जलंधर।

अंधेरे के खिलाफ कलम की रोशनी

मुकेश भारद्वाज ने प्रकृति और संस्कृति के साथ बाजार का अद्भुत विश्लेषण किया है। उत्सवी माहौल में यह लेख उत्साह को दूना कर गया। आज के डिजिटल समय में अकेले होते इंसान की बढ़ती भीड़ सचमुच चिंता का विषय है। पर्व-त्योहार हमें थोड़ा सामाजिक बनाने में अहम भूमिका अदा करते हैं। यह हमें प्रकृति और संस्कृति से जोड़ कर यह भी सिद्ध करता है कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। आमदनी रुपया और खर्चा अठन्नी वाली ही तो वो संस्कृति है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी।

-**प्रियांक सिंह**, दिल्ली विश्वविद्यालय।

राजपाट

सौदा गरज का

नीकु वाकई सयाने हैं। नीकु यानी बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल (एकी) के सुप्रीमो नीतीश कुमार। कम बोलते हैं पर बोलते सटीक हैं। वह भी सही मौका देखकर। लोकसभा चुनाव के फौरन बाद केंद्र की मोदी सरकार में हिस्सेदारी के लिए लाबिंग की थी। पर तीन सौ से ज्यादा सीटों वाली भाजपा अपने सहयोगियों को बेवजह सत्ता में ज्यादा हिस्सेदारी क्यों देती? सो, दिल्ली से पटना संदेश चला गया कि कैबिनेट में जनता दल (एकी) का एक मंत्री ले सकते हैं। ज्यादा हो तो एक राज्यमंत्री और। नीतीश को अखरा। वे कांशीराम के फार्मूले यानी जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के हिसाब से आनुपातिक मंत्री पद चाहते थे। मसलन, जितने फीसद राजग में उनके सांसद हों, उतने फीसद ही उन्हें मंत्री पद मिलें। वैसे उन्हीं के कुछ करीबियों ने बताया था कि वे चाहते ही नहीं कि कोई और नेता केंद्र में मंत्री बन अपना कद बढ़ाए। सो, आत्मसम्मान के बहाने बाहर से समर्थन देना घोषित कर दिया। फिर अब अचानक क्या हुआ कि दिल्ली में अपनी पार्टी के अधिवेशन के मौके पर फिर इस मुद्दे को उभार दिया। अहसान जताने के अंदाज में फरमाया कि उन्होंने भी तो भाजपा को न केवल सत्ता में आनुपातिक भागीदारी दे रखी है बल्कि उपमुख्यमंत्री का पद भी। लगता है कि हरियाणा और महाराष्ट्र के नतीजों और महाराष्ट्र में शिवसेना की सौदेबाजी ने उन्हें भी जगा दिया है। वे यह दर्द भी दबा नहीं सके कि पासवान की लोजपा के लोकसभा में छह सदस्य हैं और जद (एकी) के सोलह। फिर कैसे दोनों को एक तराजू में तौला जा सकता है। भूल रहे हैं कि भाजपा के बिना बिहार में उनकी सरकार नहीं चल सकती। जबकि केंद्र में भाजपा को उनकी कोई जरूरत नहीं। वैसे भी राज्यसभा उपसभापति का पद उन्हें दे ही रखा है। सियासत में भी गरज के हिसाब से ही तो होते हैं सारे मोलतोल। फिर मोदी और शाह को वे वाजपेयी-आडवाणी की जोड़ी की तरह क्यों देखते हैं? जिन्होंने राजग का संयोजक पहले जार्ज फर्नांडिज और फिर शरद यादव को बना रखा था । बिना जद (एकी) की हैसियत आंके। नई भाजपा न सियासी रिश्तों को भावनाओं से तय करती है और न उसे दबाव में लेना कोई बच्चों का खेल है।

कहीं खुशी कहीं गम

राजस्थान की दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव का नतीजा एक मायने में भाजपा के लिए झटका है। कहने को पार्टी ने कांग्रेस के हाथों अपनी महज एक सीट ही गंवाई है पर उसकी सहयोगी रालोपा ने बेशक अपनी सीट बचा ली पर जीत का फासला तो काफी कम हो गया। अशोक गहलोत की सरकार मामूली बहुमत से ही सत्ता में है। जिसमें छह बसपाई जब तक कांग्रेस में शामिल नहीं हुए थे, भाजपाई रोज ही नींद उड़ा देते थे उनकी। यही कह कर कि वे जब चाहेंगे गहलोत की सरकार को गिरा देंगे। समर्थन तो गहलोत को आधा दर्जन निर्दलियों का भी मिल ही रहा है। पर अपने खाते में विरोधी की एक सीट भी आए तो खुशी का पारावार नहीं रहता। इस नाते तो गहलोत बेहद खुश हैं। भाजपा से मंडावा सीट को झटकने के बाद। लोकसभा चुनाव के नतीजे का विश्लेषण करें तो मंडावा में भाजपा की खासी बढ़त थी। पर विधानसभा सीट के उपचुनाव में भाजपा 35 हजार के बड़े फासले से पिछड़ गई। इसी तरह हालत कांग्रेस ने खींवसर की दूसरी सीट के नतीजे में भी सुधारी है। हनुमान बेनीवाल खुद अपनी अलग पार्टी रालोपा बना कर विजयी हुए थे इस जाट बहुल सीट पर। लेकिन वे भाजपा से तालमेल कर नागौर से लोकसभा लड़े और जीत गए तो खींवसर सीट छोड़नी पड़ी। हालांकि अपनी जगह किसी बाहरी को नहीं बल्कि अपने भाई नारायण बेनीवाल को ही बनाया था उन्होंने उम्मीदवार। जो जीत तो गए पर मामूली वोट से। इससे हनुमान बेनीवाल का बिफरना स्वाभाविक था। जीत को भी जैसे हार मान लिया और ठीकरा फोड़ दिया वसुंधरा राजे के सिर। आखिर बेनीवाल से वसुंधरा का छत्तीस का आंकड़ा ठहरा। वे तो उनकी रालोपा के साथ भाजपा के समझौते का शुरू से ही विरोध कर रही थीं। बेनीवाल के हमले पर भाजपाई खेमा दो दिन तो चुप्पी साधे रहा। पर तीसरे दिन पार्टी के सूबेदार सतीश पूनिया ने वसुंधरा का बचाव करते हुए बेनीवाल को नसीहत दी कि अपने दल तक रखें सीमित अपना सरोकार। बेनीवाल के तीखे तेवर भाजपा को अखरे हैं। तभी तो शहरी निकाय चुनाव में उनके साथ कोई समझौता नहीं करने का फैसला किया है। रही कांग्रेस की बात तो गहलोत विरोधी इसी उम्मीद में थे कि पार्टी दोनों सीटें हार जाएगी तो गहलोत को धक्का लगेगा। मंडावा की बड़ी जीत इस खेमे को हजम नहीं हो रही। काश! दोनों ही खेमे समझ पाते कि उनका भाग्य विधाता तो वोटर माईबाप है। जिसने कहीं खुशी, कहीं गम का फार्मूला अपनाया।

गुलाम नहीं मतदाता

राजनीतिक दल अक्सर 'कोई विकल्प नहीं' का भय दिखा कर मतदाताओं का दोहन करना चाहते हैं। यह एक तरह से मतदाता के लिए धौंस जैसा सलूक होता है कि हमें वोट नहीं दोगे तो किसे दोगे? हमें वोट देना तो मतदाता की मजबूरी है। किसी दल विशेष या नेता विशेष के प्रति भक्तिभाव रखने वाले लोगों की तरफ से भी ऐसी ही दलीलें दी जाती हैं कि अमुक से वे खुश तो नहीं हैं पर दूसरा कोई दिखता भी तो नहीं। उत्तराखंड के सयाने मतदाताओं ने हाल में हुए पंचायत चुनाव में इस तरह की दलील देने वालों को झकझोर दिया। न कांग्रेस को बहुमत दिया और न भाजपा को। अलबत्ता निर्दलियों पर ज्यादा भरोसा दिखाया। तो भी भाजपा ने अपने ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की सूची कांग्रेस से पहले जारी कर दी। जाहिर है कि इन पदों के लिए मतदान जनता से चुन कर आए नुमाइंदे करेंगे। सो, उन्हें 'मैनेज' करने के जतन जारी हैं। एक तरफ तो भाजपा इस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन का दबाव झेल रही है दूसरी तरफ उसके मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत पर मंत्रिमंडल के विस्तार का दबाव है। दो मंत्री पद तो शुरू से खाली चल रहे हैं। एक प्रकाश पंत के निधन के बाद और खाली हो गया। पिथौरागढ़ से प्रकाश पंत की जगह उनकी पत्नी चंद्रा पंत को उम्मीदवार बना भाजपा सहानुभूति वोट के जरिए उपचुनाव जीतना चाहेगी। कांग्रेस की तरफ से हरीश रावत ने शुरू में तो यहां से लड़ने में दिलचस्पी दिखाई थी पर चंद्रा पंत के आने के बाद वे पीछे हट गए हैं। वैसे भी कांग्रेस के सूबेदार प्रीतम सिंह यहां हरीश रावत के विरोधी मयूर महरा को उतारना चाहते हैं।

(प्रस्तुति : अनिल बंसल)

केरल : यौन उत्पीड़न और हत्या मामले में सीबीआइ जांच की मांग को लेकर अनशन

तिरुवनंतपुरम, 1 नवंबर (भाषा)।

केरल में दो नाबालिग बहनों से बलात्कार और उनकी मौत के मामले के तीन आरोपियों के बरी होने को लेकर केरल की माकपा नीत एलडीएफ सरकार के खिलाफ रुख कड़ा करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता कुम्मनम राजशेखरन ने शुक्रवार को मामले में सीबीआइ जांच की मांग करते हुए राज्य सचिवालय के समक्ष अनशन किया।

मिजोरम के पूर्व राज्यपाल राजशेखरन ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मामले में राज्य सरकार पर 'अपराधिक लापरवाही' के लिए जमकर हमला बोला। प्रदेश के पलक्कड़ जिले के वायलार में 2017 में दो नाबालिग बहनों की मृत्यु को लेकर भाजपा ने 29 अक्तूबर को 100 घंटे के सत्याग्रह की शुरुआत की थी। यह अनशन उसी का हिस्सा है। भगवा पार्टी ने सरकार से मामले में श्वेतपत्र लाने की भी मांग की है।

आसियान, आरसीईपी सम्मेलन में शरीक होने मोदी आज पहुंचेंगे बैंकाक

बैंकाक, 1 नवंबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत-आसियान सम्मेलन तथा क्षेत्रीय विस्तृत आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) सम्मेलन में भाग लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर शनिवार को यहां पहुंचने वाले हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा में विशेष जोर आसियान देशों के साथ भारत के व्यापार एवं सुरक्षा संबंधों को मजबूत बनाना, आरसीईपी समझौते को मूर्त रूप देने पर होगा। इन दोनों सम्मेलनों के अलावा मोदी यहां सालाना पूर्वी एशिया सम्मेलन में भी भाग लेंगे। इस सम्मेलन में क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा के अलावा आतंकवाद व चरमपंथी प्रवृत्तियों के उभार के खतरों से निपटने के तरीकों पर चर्चा हो सकती है।

आसियान का यह वार्षिक सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब कि चीन ने दक्षिण चीन सागर के विवादित क्षेत्र तथा हिद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में आक्रामक रुख अपनाए हुए है। इस दौरान आसियान समूह का भारत के अलावा अमेरिका, जापान, रूस और चीन के साथ अलग-अलग शिखर सम्मेलन होगा। आसियान के सदस्यों में इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, लाओस, म्यामां और कंबोडिया शामिल हैं।

पूर्वी एशिया सम्मेलन में आसियान देशों के अलावा भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अमेरिका और रूस हिस्सा लेंगे। एक वरिष्ठ भारतीय अधिकारी ने कहा, 'भारत-आसियान सम्मेलन के दौरान आसियान देशों के साथ व्यापार व सुरक्षा संबंधों को मजबूत बनाना भारत की प्राथमिकता में रहेगा।'

स्कूल परिसरों से गुस्सा होगा बेदखल

पेज 1 का बाकी

90 साल का सफर किताब में दर्ज : शिक्षक व बच्चों के बीच 90 साल का लंबा अनुभव साझा करने के लिए सीबीएसई ने पहली बार पुस्तक तैयार की है। शुक्रवार को सीबीएसई के 90वें स्थापना दिवस पर मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने इस पुस्तक का विमोचन किया। रमेश पोखरियाल ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान व नवाचार सभी स्कूल के रास्ते से निकलते हैं। पूरी दुनिया को भारत की शिक्षा व्यवस्था पर गर्व है और इसमें देश के शिक्षकों का विशेष योगदान है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सीबीएसई की भूमिका की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जर्मनी व भारत के बीच अध्ययन के क्षेत्र में कैसे कार्य किया जा सकता है, इस पर भारत सरकार ने जर्मनी से सकारात्मक चर्चा की है और देश में इसके अच्छी परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कामों से ही बड़े परिवर्तन होते हैं। इसलिए शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के जन्मदिवस पर एक पेड़ लगाने की मुहिम को जोड़ें। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों को सीधे तौर पर पर्यावरण से जोड़ा जा सकेगा। यह कार्यक्रम नई दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित हुआ। सीबीएसई ने विद्यार्थियों के लिए एक हैंडबुक भी जारी की। इसमें शिक्षक व विद्यार्थियों के लिए अध्ययन व अध्यापन के लिए अनुभवों को साझा किया है। कार्यक्रम में केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री संजय धोत्रे व सचिव अमित खरे भी उपस्थित थे।

अभिभावकों को समझाएं, खेल में भी है भविष्य : दुनियाभर से आए शिक्षकों ने शिक्षा को खेल से जोड़ने की अपील की। विशेषज्ञ मेजर डीपी सिंह ने कहा कि शहरी व दूर-दराज के क्षेत्रों में खेल को लेकर अलग-अलग अनुभव देखने को मिलते हैं। शिक्षकों को अभिभावकों को यह समझाना चाहिए कि खेल के क्षेत्र में बच्चों के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने शिक्षा के मॉडल को खेल के आधार पर जोड़ने की अपील की है। इसके लिए शिक्षकों ने दुनिया के देशों में अपनाए जा रहे मॉडल को भी रखा। इसमें हर बच्चे को खेल से जोड़ा जाता है और उसे खेलों के माध्यम से ही शिक्षण दिया जाता है। इसके पीछे विशेषज्ञ का तर्क था कि डॉक्टर व इंजीनियर अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं, इस अनुभव का दावा सभी खुलकर करते हैं। इसी प्रकार शिक्षकों को बच्चों की प्रतिभाओं को जांचकर उनके अभिभावकों से इस संबंध में विस्तृत चर्चा करनी चाहिए। इससे नई प्रतिभाओं को निखारने में मदद होगी।

संजीव नंदन सहाय नए बिजली सचिव

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 नवंबर।

संजीव नंदन सहाय ने शुक्रवार को बिजली मंत्रालय के सचिव का पदभार संभाल लिया। संजीव नंदन सहाय ने शुक्रवार को यहां सचिव का पदभार संभाला ।

इससे पहले वे बिजली मंत्रालय में विशेष सचिव के पद पर थे। उन्होंने सुभाष चंद्र गर्ग का स्थान लिया है। गर्ग वित्त मंत्रालय से बिजली मंत्रालय में भेजे गए थे।

और यहां आने के बाद उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन दिया था। सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी थी। गर्ग गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए।

चिदंबरम को अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत नहीं : मेडिकल बोर्ड

पेज 1 का बाकी

कांग्रेस नेता की जांच की थी और पाया कि उन्हें संक्रमण रहित वातावरण (अस्पताल) की जरूरत नहीं है। चिदंबरम की स्वास्थ्य स्थिति की जांच के लिए अदालत के आदेश पर एम्स मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है।

चिदंबरम की अंतरिम जमानत याचिका की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति कैत ने तिहाड़ जेल के अधीक्षक को 74 वर्षीय चिदंबरम को स्वच्छ परिवेश, मिनरल वाटर, घर का बना भोजन और मच्छरदानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि उन्हें 'फेस मास्क' उपलब्ध कराए जाने चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर वह इसे पहन सकें। इसके अलावा अदालत ने निर्देश दिए कि चिदंबरम के रक्तचाप की नियमित निगरानी रखी जाए और उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच की जाए।

चिदंबरम की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्हें किसी और निर्देश की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद अदालत ने याचिका का निपटारा कर दिया। हाई कोर्ट ने गुरुवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक से एक मेडिकल बोर्ड का गठन करके चिदंबरम के स्वास्थ्य पर जानकारी देने के लिए कहा था। चिदंबरम आंतों से जुड़ी बीमारी 'क्रोहन' से पीड़ित हैं।

कश्मीर में मौजूदा स्थिति स्थायी नहीं : मरकेल

पेज 1 का बाकी

गई और सूत्रों के अनुसार, मरकेल को विशेष बैठक के दौरान जम्मू-कश्मीर पर मोदी की योजनाओं से अवगत होने का मौका मिल सकता है।

जर्मन सूत्रों ने मरकेल के हवाले से कहा, 'चूंकि इस समय कश्मीर में स्थिति स्थायी और अच्छी नहीं है तो इसे निश्चित तौर पर बदलने की आवश्यकता है।' जर्मन चांसलर की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका समेत कुछ विदेशी सांसदों ने अगस्त में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा हटाने के लिए अनुच्छेद 370 को रद्द करने के बाद सरकार द्वारा लगाई पाबंदियों पर चिंता जताई है।

जावडेकर ने प्रदूषण मुद्दे पर हरियाणा, पंजाब का किया बचाव

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 नवंबर।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने दिल्ली में लगातार गहराते वायु प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता में खराबी के लिए पंजाब और हरियाणा पर दोष मढ़ने को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि प्रदूषण के मुद्दे पर राजनीति करना उचित नहीं है। जावडेकर ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में विभागीय कामकाज के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरुआत करते हुए कहा- दिल्ली के मुख्यमंत्री प्रदूषण के विषय पर राजनीति कर रहे हैं। वे आरोप प्रत्यारोप में लगे हैं। दिल्ली के प्रदूषण के लिए पंजाब और हरियाणा को दोष देना ठीक नहीं है।

उल्लेखनीय है कि केजरीवाल ने दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंचने के लिए पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने को मुख्य वजह बताई है।

आतंक के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे भारत और जर्मनी

पेज 1 का बाकी

साथ साझा संवाददाता सम्मेलन में एक बयान में कहा, 'हम आतंकवाद और चरमपंथ जैसे खतरों से निपटने के लिएऐ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग मजबूत करेंगे।' वार्ता के बाद जारी साझा बयान में आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया गया और इस वैश्विक समस्या से निपटने में मजबूत अंतरराष्ट्रीय साझेदारी का आह्वान किया गया। बयान में सभी देशों से आतंकवादियों की पनाहगाहों और बुनियादी ढांचा खत्म करने, आतंकवादी नेटवर्कों तथा वित्तपोषण को तोड़ने तथा आतंकवादियों की सीमा पार गतिविधियों को रोकने का आह्वान किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जर्मनी को उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा गलियारों में रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने भारत और जर्मनी के बीच हर क्षेत्र खासतौर से नवीन एवं उन्नत प्रौद्योगिकी में सामरिक सहयोग मजबूत करने की भी प्रशंसा की।

मोदी ने कहा कि साल 2022 में स्वतंत्र भारत को 75 साल हो जाएंगे। हमारा लक्ष्य तब तक नए भारत के निर्माण का है। प्रौद्योगिकी और आर्थिक शक्ति जर्मनी जैसे देशों की क्षमताएं भारत की प्राथमिकताओं के लिए उपयोगी होंगी। इसलिए हमने नवीन एवं उन्नत प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता कौशल, शिक्षा और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर खास जोर दिया है। हमने ई-मोबिलिटी, स्मार्ट शहर, नदियों की सफाई और पर्यावरण संरक्षण पर सहयोग की संभावनाएं तलाशने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में हमारा सहयोग जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संयुक्त प्रयासों में भी मददगार होगा। भारत और जर्मनी के बीच कृषि, समुद्री प्रौद्योगिकी, आयुर्वेद और योग समेत अन्य क्षेत्रों में 17 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।

दोनों देशों के बीच पांच संयुक्त आशय पत्र साझा किए गए। संयुक्त आशय पत्रों में सामरिक परियोजनाओं पर सहयोग, शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए भागीदारी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अनुसंधान और विकास तथा समुद्र में कचरे को रोकने में सहयोग शामिल हैं।

नेपाल में संघर्ष, भारतीय नागरिक की मौत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 नवंबर।

दक्षिण नेपाल में मूर्ति विसर्जन के जुलूस को लेकर दो संप्रदायों के बीच हुए संघर्ष के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के लिए नेपाली सुरक्षा बलों ने गोलीबारी की, जिसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। कई लोग घायल हुए हैं।

नेपाल के सीमावर्ती कस्बे कृष्णनगर के झंडेनगर में लक्ष्मी मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा में जमकर हंगामा हुआ। नेपाल से मिली खबरों के मुताबिक, जिला पुलिस कार्यालय के प्रमुख एसपी दीपेश शमशेर राणा ने बताया कि लक्ष्मी पूजा के बाद मूर्ति को विसर्जन के लिए ले जाने के बाद मुस्लिम समुदाय ने रास्ता रोका। इस पर विवाद बढ़ गया। भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस ने गोलीबारी की, जिससे वहां चाय और चाट की दुकान चलाने वाले भारतीय नागरिक सूरज कुमार पांडे की मौत हो गई। सीमा क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण है। सीमा पर आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। कृष्णानगर इलाके के आसपास अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है।

खुले में शौच करने पर पंचायत ने रोका परिवारों का राशन

बेहरामपुर (ओड़ीशा), 1 नवंबर (भाषा)।

गंजम जिले में 20 से अधिक परिवारों को राशन की आपूर्ति रोक दी गई है। पंचायत ने खुले में शौच करने वाले लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मिलने वाले लाभ रोकने का फैसला किया था, जिसके तहत यह कार्रवाई की गई। सनखेमुंडी प्रखंड की गौतमी पंचायत के सरपंच सुशांत स्वैन ने बताया कि पंचायत की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार पिछले 11 दिनों से 20 से अधिक परिवारों को पीडीएस के तहत मिलने वाला राशन रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई खुले में शौच करता पाया गया, खासतौर से सड़क के किनारे, तो पंचायत निकाय राशन डीलर को निर्देश दे सकती है>

जहरीली गैस के रिसाव से पांच लोगों की मौत

लखनऊ, 1 नवंबर (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के दोस्तपुर थानाक्षेत्र में शुक्रवार को पुराने सीवर टैंक के पुनर्निर्माण के समय जहरीली गैस का रिसाव हुआ जिसकी चपेट में आकर पांच लोगों की मौत हो गई।

सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार ने बताया कि कटघरा पट्टी गांव निवासी रामतीरथ के पुराने सीवर टैंक के पुनर्निर्माण के समय गैस पाइप नहीं निकालने की वजह से जहरीली गैस का रिसाव हुआ। उसकी चपेट में आकर छह व्यक्ति घायल हो गए। कुमार ने बताया कि इलाज के दौरान पांच लोगों राजेश निषाद (32), अशोक निषाद (40), रविन्द्र निषाद (25), शरीफ (52) और राम किशन (40) की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दोस्तपुर में हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया। उन्होंने हादसे में मरे लोगों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए उनके शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

गलत ढंग से निवेश मामले में जगन की याचिका खारिज

हैदराबाद, 1 नवंबर (भाषा)।

एक विशेष सीबीआइ अदालत ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपनी कंपनियों में कथित रूप से 'गलत ढंग से फायदा पहुंचाने वाले' निवेश से संबंधित मामलों की सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से छूट मांगी थी। जगन के दिवंगत पिता वाई एस राजशेखर रेड्डी के मुख्यमंत्री रहते 2004 और 2009 के बीच जगन की फर्मों में विभिन्न कंपनियों द्वारा निवेश किया गया था। ये निवेश कथित रूप से इन कंपनियों को पहुंचाए गए फायदे के बदले किया गया।

जगन ने इस आधार पर छूट मांगी कि एक मुख्यमंत्री के रूप में विभिन्न कारणों से हमेशा अदालत में पेश होना संभव नहीं है। जांच एजंसी ने उनकी इस याचिका का विरोध किया।

दिल्ली-एनसीआर में स्वास्थ्य आपातकाल

पेज 1 का बाकी

छठ, शादी ब्याह, नए साल के जश्न जैसे अवसरों पर भी पटाखे फोड़ने पर पाबंदी रहेगी। ईपीसीए के अध्यक्ष भूरे लाल ने पंजाब और हरियाणा के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए तत्काल सख्त कदम उठाने को कहा है। भूरेलाल ने पत्र में यह भी कहा है कि गुरुवार की रात दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब हो गई और वह अब 'बेहद गंभीर' दर्जे की हो गई है। लिहाजा प्रदूषण रोकने के सभी उपाय सभी राज्यों की ओर से तत्काल किए जाने की दरकार है।

भूरे लाल कहा है कि हम इसे जन स्वास्थ्य इमरजेंसी की तरह ले रहे हैं क्योंकि वायु प्रदूषण का स्वास्थ्य पर खासकर बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव होगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में दिल्ली सहित फरीदाबाद, गुरुग्राम, गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा, बहादुरगढ़, भिवंडी, सोनीपत व पानीपत में पांच नवंबर तक कोयले बाकी पेज 8 पर

व तेल से चलने वाले उद्योगों, निर्माण कार्यों में 'हॉट मिक्स प्लांट' और 'स्टोन क्रशर' (पत्थर तोड़ने की मशीनों) के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। दिल्ली में इस दौरान केवल पीएनजी से ही चलने वाले उद्योग चलेंगे, बाकी सभी औद्योगिक इकाइयां बंद रहेंगी।

दिल्ली सहित आसपास प्रदूषित धुंध और गहरी हो गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक शुक्रवार शाम चार बजे दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 484 रहा था। टास्क फोर्स ने पाया कि ठहरी हवा से इसमें पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण का हिस्सा बढ़ कर 46 फीसद हो गया है जो इस साल का सर्वाधिक स्तर है। पहले ईपीसीए ने दो नवंबर तक शाम छह से सुबह 10 बजे के बीच में निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी थी। लेकिन अब दिन में भी कोई निर्माण कार्य नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि त्योहार आते हैं यह हम जानते हैं लेकिन स्वास्थ्य उससे भी अहम है। उन्होंने दिवाली पर हुई आतिशबाजी पर हैरानी जताते हुए कहा कि रोकने के सभी प्रयासों के बावजूद बहुत ज्यादा पटाखे फोड़े गए। जहरीले रसायनों को हवा में पहुंचने से रोकने के लिए यह कदम उठाने की जरूरत है।

ईयू के साथ ठप वार्ता बहाल करेंगे भारत व जर्मनी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 नवंबर।

भारत और जर्मनी ने शुक्रवार को एक साझा वक्तव्य जारी किया, जिसमें कहा गया है कि दोनों देश यूरोपीय संघ (ईयू) और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर ठप पड़ी वार्ता को बहाल करने के लिए प्रयास बढ़ाने के लिए सहमत हुए हैं। यह वक्तव्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल की मुलाकात के बाद जारी किया गया।

इसमें कहा गया, 'दोनों पक्षों ने भारत और ईयू के बीच संतुलित मुक्त व्यापार समझौते के महत्त्व की पुष्टि की है और द्विपक्षीय व्यापार व निवेश समझौते (बीटीआईए) पर ईयू और भारत के बीच बातचीत बहाल करने की दिशा में गहन प्रयास करने पर सहमत हुए हैं।' समझौते पर बातचीत मई 2013 से ठप पड़ी है क्योंकि दोनों पक्ष महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर एक राय नहीं बना सके। बीटीआइए जून 2007 में प्रारंभ हुआ था। लेकिन इसमें शुरू से ही कई बाधाएं आईं, क्योंकि महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर दोनों पक्षों के मतभेद दूर नहीं हो सके।

करतारपुर साहिब जाने के लिए पासपोर्ट की भी जरूरत नहीं

पेज 1 का बाकी

गुरुद्वारा दरबार साहिब आने वाले भारतीय श्रद्धालुओं को दी जाने वाली रियायतों की जानकारी दी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसे लेकर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। अधिकारियों ने कहा कि वह पाकिस्तान की ओर से इस बारे में आधिकारिक पत्र का इंतजार कर रहे हैं।

लंबी बातचीत के बाद पिछले हफ्ते इस गलियारे को लेकर भारत-पाकिस्तान में एक समझौता हुआ। इसके तहत करतारपुर गलियारे का उद्घाटन नौ नवंबर को होगा। समझौते के तहत पांच हजार भारतीय तीर्थयात्रियों को रोजाना दरबार साहिब गुरुद्वारे के दर्शन करने की अनुमति होगी। इसके लिए उन्हें करीब 1400 रुपए (20 डॉलर) देने होंगे। भारत ने पाकिस्तान से भारतीय श्रद्धालुओं से कोई शुल्क नहीं लेने का आग्रह किया था।

करतारपुर साहिब गलियारा पंजाब के गुरदासपुर में स्थित डेरा बाबा नानक गुरुद्वारे को करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब से जोड़ता है, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से महज चार किलोमीटर की दूरी पर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के नरोवाल जिले में स्थित है।

सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव ने पाकिस्तान के करतारपुर में रावी नदी के किनारे स्थित दरबार साहिब गुरुद्वारे में अपने जीवन के अंतिम 18 वर्ष बिताए थे, जो इसे श्रद्धालुओं के लिए एक पवित्र स्थल बनाता है।

करतापुर साहिब गुरुद्वारे को पहला गुरुद्वारा माना जाता है, जिसकी नींव गुरु नानक देव जी ने रखी थी।

हालांकि बाद में रावी नदी में बाढ़ के कारण यह बह गया था। इसके बाद वतर्मान गुरुद्वारा महाराजा रंजीत सिंह ने बनवाया था।

झारखंड चुनाव : पांच चरणों में पड़ेंगे वोट

पेज 1 का बाकी

चुनाव के एलान के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहित लागू हो गई है। पहले चरण में 30 नवंबर को 13 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण में 20 सीटों पर सात दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। तीसरे चरण में 12 दिसंबर को 17 सीटों पर मतदान होगा। चौथे चरण में 16 दिसंबर को 15 सीटों और पांचवें व आखिरी चरण में 20 दिसंबर को 16 सीटों पर वोट डाले जाएंगे।

पहली बार दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक घर बैठे डाक मतपत्र के जरिए अपना वोट डाल सकेंगे। उनके पास मतदान केंद्र पर जाकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान करने के अलावा घर बैठे डाक मतपत्र के जरिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का विकल्प होगा।

झारखंड की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी 2020 को खत्म हो रहा है। यहां सरकार बनाने के लिए किसी पार्टी या गठबंधन को कम से कम 41 सीटों पर जीत हासिल करनी होगी।

राज्य में अभी सत्ताधारी भाजपा और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) गठबंधन दोबारा सत्ता में आने की चुनौती के साथ मैदान में होगा। पिछले चुनाव में भाजपा ने 37 और उसकी सहयोगी आजसू ने पांच सीटों पर जीत हासिल की थी।

हवाईअड्डे पर संदिग्ध बैग मिलने से सनसनी

पेज 1 का बाकी

हेमेंद्र सिंह का कहना कि बैग को कब्जे में लेकर एहतियातन 24 घंटे के लिए कुलिंग पिट में रखवा दिया गया है। फिलहाल इंतजार किया जा रहा है। यह समय बीत जाने के बाद ही पता चल सकेगा कि बैग के अंदर संदिग्ध वस्तु क्या है? सुरक्षा के मद्देनजर बैग को नहीं खोला गया था। इस कारण बैग के अंदर क्या है? इस बारे में सुरक्षा एजंसियां कुछ भी खुल कर नहीं बोल रही है।

वहीं, पुलिस उपायुक्त, आइजीआइ एअरपोर्ट संजय भाटिया ने बताया कि सीआइएसएफ की मदद से बैग को वहां से हटा दूसरी जगह ले जाया गया। अभी तक उसे खोला नहीं गया है। बैग से कुछ बिजली की तारें बाहर निकली हुई दिखाई दे रही थीं। इसके बाद एअरपोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी है। एअरपोर्ट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों के होश उस वक्त उड़ गए, जब बैग की विस्फोटक डिटेक्टर से जांच की गई। जांच में बैग के अंदर आरडीएक्स होने का शक हुआ। पर सुरक्षा एजंसियों का कहना है कि इस बारे में कुछ ही कहना जल्दबाजी होगा। फिलहाल 24 घंटे का इंतजार किया जा रहा है।

रिसर्च डिपार्टमेंट एक्सप्लोसिव (आरडीएक्स) ऐसा घातक विस्फोट है, जिससे कोई गंध नहीं आती। आतंकवादी तत्व इसका इस्तेमाल कई बार बड़ी संख्या में लोगों को निशाना बनाने के लिए कर चुके हैं। सुरक्षा एजंसियां सीसीटीवी फुटेज की छानबीन कर बैग रखने वाले के बारे में जानकारी जुटा रही हैं।

सोनिया करेंगी विधायक दल के नेता का चुनाव

पेज 1 का बाकी

विधायकों से व्यक्तिगत मुलाकात करके न केवल चुनाव के संबंध में फीडबैक लिया बल्कि आगामी रणनीति पर भी चर्चा की।

सूत्रों के अनुसार पार्टी नेताओं के साथ हुई इस निजी मुलाकात के दौरान लगभग सभी विधायकों ने भूपिंदर सिंह हुड्डा को विधायक दल का नेता बनाए जाने की इच्छा जताई लेकिन इसके बावजूद कोई फैसला नहीं हो सका। इसके मद्देनजर सभी विधायकों ने एक प्रस्ताव पारित करके विधायक दल के नेता की नियुक्ति के लिए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को अधिकृत कर दिया। बाकी पेज 8 पर

सूत्रों के अनुसार बैठक में मौजूद 31 में से 30 विधायकों में करीब 26 विधायक हुड्डा गुट के थे। इसके बावजूद हुड्डा के नाम पर मुहर नहीं लग पाई।

इस बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधायक रघुबीर सिंह कादयान ने बताया कि विधायकों की पहली बैठक वरिष्ठ नेताओं के साथ व्यक्तिगत रूप से हुई है। इसके बाद सामूहिक बैठक में कुमारी सैलजा ने एजंडे के बारे में जानकारी दी।

बैठक में सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता नियुक्त करने के संबंध में फैसला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर छोड़ दिया है।

सैलजा की ओर से भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर सोनिया गांधी विधायक दल के नए नेता का चुनाव करेंगी।

मास्क बांटने सहित कई कदम

पेज 1 का बाकी

और काले आसमान का यह अंतर केवल पराली के कारण है। इसके लिए हरियाणा और पंजाब की सरकार जिम्मेदार है। इस बीच, उन्होंने दिल्ली में स्कूली बच्चों के बीच मास्क बांटने सहित कई ऐहतियाती कदम उठाने की घोषणा की। को

केजरीवाल ने कहा- हरियाणा और पंजाब में पराली जलाने से होने वाले धुंए की वजह से दिल्ली गैस चेंबर में तब्दील हो गई है। दिल्ली सरकार पर्यावरण-प्रदूषण के मुद्दे पर सजग है। सरकार ने कई एहतिहाती कदम उठाए हैं, जिनमें पटाखे न जलाना और सम-विषम जैसे कदम भी शामिल हैं।

इस बीच, सम-विषम के दौरान दिल्ली सरकार के दफ्तरों के समय में बदलाव किया गया है। इस बाबत आदेश शुक्रवार को जारी कर दिया गया। दिल्ली सरकार के ज्यादातर विभाग सुबह साढ़े नौ बजे से शाम 6 बजे तक चलेंगे। वहीं कुछ विभाग सुबह साढ़े दस से शाम 7 बजे तक काम करेंगे। दिल्ली में 4 नवंबर से 15 नवंबर तक सम-विषम नियम लागू रहेगा।

मौजूदा हालात का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने सचिवालय में बुलाई प्रेस कांफ्रेंस में कहा-हमने सभी स्कूलों को पांच नवंबर तक बंद करने का फैसला किया। सुप्रीम कोर्ट की ओर से अधिकृत पैनल की ओर से प्रदूषण बढ़ने के मद्देनजर दिल्ली-एनसीआर में जन स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किए जाने के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा- क्षेत्र में प्रदूषण 'अति गंभीर' श्रेणी में पहुंचने के बाद पर्यावरण प्रदूषण (निवारण एवं नियंत्रण) प्राधिकरण (ईपीसीए) ने पांच नवंबर तक निर्माण गतिविधियों और सर्दी के मौसम में पटाखे जलाने पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री ने ईपीसीए अध्यक्ष भूरे लाल से मुलाकात की और श्रेणी आधारित कार्ययोजना (जीआरएपी) को लागू करने में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

रिपोर्ट पर विचार करेगी अदालत

पेज 1 का बाकी

एवं नियंत्रण) प्राधिकरण (ईपीसीए) ने अपनी रिपोर्ट में एनसीआर के आसपास के राज्यों को कचरा जलाने पर रोक लगाने, उद्योगों के जहरीले उत्सर्जन को रोकने तथा निर्माण स्थलों पर धूल पर रोकथाम के लिए कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की है। सोमवार को होने वाली यह सुनवाई इस लिहाज से महत्त्वपूर्ण है कि ईपीसीए ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है तथा निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा दी है।

शीर्ष अदालत उक्त रिपोर्ट के अलावा अन्य कुछ विषयों पर भी विचार करेगी जिनमें पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने से होने वाला प्रदूषण शामिल है। ईपीसीए की रिपोर्ट पर न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा की अध्यक्षता वाला पीठ विचार करेगा। इस रिपोर्ट में प्राधिकरण ने कहा है कि दिल्ली 2010 से लेकर अब तक शहर पर वायु प्रदूषण के सालाना बोझ को कम करने की दिशा में सुधार करने में सफल रही है।

epaper.jansatta.com

सात नवंबर तक सरकार नहीं बनी तो लगेगा राष्ट्रपति शासन : सुधीर

मुंबई, 1 नवंबर (भाषा)।

महाराष्ट्र के वित्त मंत्री और भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार ने शुक्रवार को कहा कि अगर राज्य में सात नवंबर तक नई सरकार नहीं बनती है तो यहां राष्ट्रपति शासन लागू हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार गठन में मुख्य बाधा शिवसेना की ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री पद की मांग है।

यह टिप्पणी तब आई जब 21 अक्तूबर को हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के आठ दिन बाद भी राज्य में सरकार गठन को लेकर कोई स्पष्ट स्थिति नहीं है। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल आठ नवंबर को समाप्त होगा।

मुनगंटीवार ने एक टीवी चैनल से कहा कि दीपावली उत्सव के कारण भाजपा और शिवसेना के बीच बातचीत में देर हुई है। एक या दो दिन में बातचीत शुरू होगी। उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र के लोगों ने केवल एक पार्टी को नहीं बल्कि महायुति (भाजपा, शिवसेना और अन्य दलों के गठबंधन) को जनादेश दिया है। हमारा गठबंधन फेविकोल या अंबुजा सीमेंट से भी मजबूत है।' मुनगंटीवार ने भरोसा जताया कि नई सरकार का गठन जल्द ही होगा।

उन्होंने कहा, 'निर्धारित समय के भीतर एक नई सरकार बनानी होगी या राष्ट्रपति को हस्तक्षेप करना पड़ेगा। अगर समयसीमा के भीतर सरकार नहीं बनती है तो राष्ट्रपति शासन लागू होगा।'

हालांकि सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी विधानसभा का पहला सत्र बुला सकते हैं। विधानसभा के सूत्रों ने कहा कि राज्यपाल को नई विधानसभा का सत्र आहूत करने के लिए कैबिनेट की सिफारिश जरूरी है, लेकिन यदि कैबिनेट में फिलहाल मुख्यमंत्री भी हों तो पर्याप्त होगा।

'महाराष्ट्र में शिवसेना का मुख्यमंत्री होगा'

मुंबई, 1 नवंबर (भाषा)।

गठबंधन सहयोगी भाजपा के साथ सत्ता की साझेदारी को लेकर जारी गतिरोध के बीच शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री उनकी पार्टी से होगा। राउत ने कहा कि भाजपा और शिवसेना के बीच सरकार गठन को लेकर अब तक कोई बातचीत नहीं हुई है।

राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा, 'भाजपा को कोई अल्टीमेटम (सरकार गठन पर) नहीं दिया गया है। वे बड़े लोग हैं।' उन्होंने कहा कि अगर शिवसेना फैसला लेती है तो उसे महाराष्ट्र में स्थिर सरकार के गठन के लिए जरूरी संख्या मिल सकती है।

हाल में हुए विधानसभा चुनावों 288 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को 105 सीटें मिलीं जबकि शिवसेना के खाते में 56 सीटें आई हैं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी राज्य में ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री पद और 50:50 के अनुपात में मंत्रालयों का बंटवारा चाहती है। उधर, सरकार के गठन को लेकर जारी गतिरोध के बीच शिवसेना ने शुक्रवार को मांग की कि राज्य के कई हिस्सों में बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों को तत्काल राहत दी जाए। शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में उद्धव ठाकरे नीत दल ने कहा कि जिन किसानों की फसल खराब हुई है उन्हें बिना किसी शर्त के पर्याप्त मुआवजा दिया जाना चाहिए।

संपादकीय में कहा गया है, 'राज्य के किसानों को नई सरकार का नहीं बल्कि तत्काल सहायता का इंतजार है।' बीते वर्षों से किसान सूखे से परेशान थे, अब बारिश से परेशान हैं क्योंकि मानसून खत्म हुए एक पखवाड़ा हो गया है लेकिन पानी बरसना बंद ही नहीं हो रहा। बीते एक महीने से बारिश जारी रहने के कारण किसानों की सारी उपज खराब हो गई।

इसमें भाजपा पर निशाना साधा गया, 'किसानों के साथ खड़े होने के बजाए सारे प्रयास सरकार बनाने के लिए समर्थन जुटाने पर केंद्रित हैं। जनादेश मिलने के बावजूद अब तक नई सरकार का गठन नहीं हुआ।

भाजपा-शिवसेना सरकार नहीं बनी तो दे सकते हैं विकल्प : राकांपा

मुंबई, 1 नवंबर (भाषा)।

राकांपा के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने शुक्रवार को कहा कि यदि भाजपा और शिवसेना महाराष्ट्र में सरकार बनाने में विफल रहती हैं तो उनकी पार्टी विकल्प देने का प्रयास करेगी। इससे पहले राकांपा के वरिष्ठ नेता अजीत पवार कह चुके हैं कि पार्टी कांग्रेस के साथ विपक्ष में बैठेगी। मलिक ने मुनगंतीवार के बयान पर कहा, 'यह कुछ धमकी जैसा लगता है। लोगों ने भाजपा और शिवसेना से सरकार बनाने को कहा है। यदि वे सदन के पटल पर ऐसा करने में विफल रहती हैं तो हम विकल्प देने का प्रयास करेंगे।'

शिवसेना से गलबहियां न करें : संजय निरुपम

मुंबई, 1 नवंबर (भाषा)।

कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने शुक्रवार को पार्टी नेताओं की आलोचना की जो महाराष्ट्र में अगली सरकार गठन के लिए शिवसेना को समर्थन पर विचार कर रहे हैं। यहां सत्ताधारी गठबंधन सत्ता में साझेदारी को लेकर उलझा हुआ है। निरुपम ने कहा कि भाजपा और उसकी सहयोगी शिवसेना के बीच चल रही जुबानी जंग कुछ और नहीं बल्कि नाटक है और कांग्रेस को इससे दूर रहना चाहिए।

पंजाब नैशनल बैंक — punjab national bank ...the name you can BANK upon!

वसूली विभाग, मंडल कार्यालय : मध्य दिल्ली, चतुर्थ तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली–110008 फोन : 011–25713518, ई–मेल : cocdelrd@pnb.co.in

शुद्धिपत्र — ई-नीलामी सूचना

यह इस समाचार पत्र में ई–नीलामी सूचना के प्रकाशन दिनांकित 30–10–2019 के संदर्भ में है। क्र. सं. 32 और 33 पर बंधककर्ता (सम्पत्ति का स्वामी) के नाम के सहित सम्पत्ति का विवरण में "उपरोक्त सम्पत्तियों के संबंध में तीन वाद नामतः डीआरटी में एसए नंबर 248/2019 तथा डीआरएटी में अपील 408/2019 और डीआरटी में बैंक द्वारा 17–09–2019 को प्रस्तुत ओए लम्बित हैं" भी पढ़ें। अन्य सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत हैं।

तिथि : 01–11–2019 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : नई दिल्ली पंजाब नैशनल बैंक

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया — Central Bank of India

एआरबी, सारीबजी भवन, 4/59, डी.बी. गुप्ता रोड, करोल बाग, नई दिल्ली–110005

शुद्धि पत्र

कृपया 25.10.2019 को इस समाचार पत्र में प्रकाशित 28.11.2019 को अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये ई–नीलामी बिक्री सूचना (सरफैसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत 15 दिनों की सांविधिक बिक्री सूचना) का विज्ञापन देखें। उसमें क्रम सं. 2 एंव क्रम सं. 3–खाता का नाम मै. विश्वास ट्रैक्टर्स लिमिटेड में प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के कॉलम के विवरण में कुछ गलती हो गई। प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के विवरण में सुधार इस प्रकार है: "क्रम सं. 2, भूमि का कुल क्षेत्रफल 13 के–8 मरला (1.625 एकड़) एवं क्रम सं. 3 में भूमि के प्लॉट का क्षेत्रफल 212 वर्ग यार्ड्स की जगह 210 वर्ग यार्ड्स पढ़ें। अन्य सभी विवरण पूर्ववत रहेंगे।"

(प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया)

हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड (HeroFin Corp.)

CIN:U74899DL1991PLC046774

पंजी. कार्यालय: 34, कम्युनिटी सेन्टर, बसंत लोक, बसंत विहार, नई दिल्ली–110057
टेली: 011–49487150, फैक्स: 011–49487150, ई–मेल: litigation@herofincorp.com, वेबसाईट: www.herofincorp.com

पूर्वाग्रह-रहित ई-नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम, 2002) के अनुसार हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड (एचएफसीएल) के पास गिरवी रखी गई अचल सम्पत्ति की ई-नीलामी बिक्री

सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी सूचना के अनुपालन में तथा "हीरो फिन कार्प लिमिटेड बनाम मै. गंधार रॉक टेक तथा अन्यों" के मामले में माननीय जिला मजिस्ट्रेट, अजमेर द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में एचएफसीएल के प्राधिकृत अधिकारी ने यहां नीचे वर्णित सभी शुल्कों के साथ एचएफसीएल के बकाये की वसूली के लिये "जैसा है जहां है आधार" एवं "जो भी वहां है आधार" एवं "जैसा है जो है आधार" एवं "उपचार रहित आधार" पर पूरी तरह से उसकी बिक्री करने के अधिकार के साथ निम्नलिखित ऋण खाता में सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है। जैसा कि बकाये के भुगतान में विफलता के बाद प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के साथ पठित सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी नीचे वर्णित सम्पत्ति की बिक्री द्वारा एचएफसीएल के बकाये की वसूली करने का प्रस्ताव करते हैं। जैसा कि प्रतिभूत परिसम्पत्ति की बिक्री ऋणधारक से एचएफसीएल के बकाये प्रतिभूत ऋण की वूसली के लिये सार्वजनिक नीलामी द्वारा की जायेगी।
आम जनता को व्यक्तिगत अथवा विधिवत अधिकृत एजेन्टों के माध्यम से बोली करने के लिये आमंत्रित किया जाता है।

ऋणधारक का नाम एवं पता: 1. मै. गंधार रॉक टेक जिसका कार्यालय हैः 11, शास्त्री मार्केट, भगत चौराहा, बालाजी टेम्पल के निकट, छावनी रोड, बेआवर, अजमेर, राजस्थान–305901
2. श्री रेणु कुमार जैन 3. श्री रतन लाल जैन 4. श्रीमती शिमला देवी जैन 5. श्रीमती सुन्दर बाई जैन 6. श्री अमित कुमार जैन 7. श्री नीरज जैन 8. श्री संजय जैन
सभी निवासीः गेट नं. 5, विनोद नगर, बेआवर, अजमेर, राजस्थान–305901

ऋण अनुबंध तिथि 21.10.2015

मांग सूचना की तिथि: 15.11.2018 — **वास्तविक कब्जा की तिथि:** 23.7.2019

ऋणधारकों पर बकाया राशि: 15.11.2018 को बकाया रु. 4,08,58,157.27 (रुपए चार करोड़ आठ लाख अन्ठावन हजार एक सौ सत्तावन तथा पैसे सत्ताईस मात्र)

गिरवी सम्पत्ति

क्रम सं.	मार्टगैजर का नाम एवं पता	मार्टगैजर का नाम एवं पता	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि
1.	श्रीमती सुन्दर बाई जैन निवासीः गेट नं. 5, विनोद नगर, बेआवर, अजमेर, राजस्थान–305901	ख. नं. 2148, उदयपुर रोड, निकट चुंगी चौक बाईपास, बेआवर, अजमेर, राजस्थान–305901	2,33,75,000/–	23,37,500/–

ई–नीलामी की तिथि एवं समय: 25.11.2019 को 10 बजे पूर्वा. से 2.00 बजे अप. तक।

ऑन लाइन निविदा/ई–नीलामी के नियम एवं शर्तें:

1. ई–नीलामी बिक्री प्रति 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ 25.11.2019 को 10 बजे पूर्वा. से 2 बजे अप. (आईएसटी) तक वेबसाईट "https://www.bankauctions.in" के माध्यम से "ऑन लाइन ई–नीलामी/बिक्री" होगी।
2. इच्छुक बोलीदाता के पास वैध ई–मेल पता होना चाहिये।
3. इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि अपनी बोली जमा करने तथा ई–नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व ई–नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये वेबसाईटः **https://www.bankauctions.in** देखें।
4. संभावित बोलीदाताओं को **https://www.bankauctions.in** पर अपना नाम पंजीकृत कराना होगा तथा यूजर आईडी एवं पास्वर्ड प्राप्त करना होगा।
5. संभावित बोलीदाता हेल्पालाइन नं.: 040–23836405, +91–8142000809/8142000066/67 पर सम्पर्क कर अथवा info@bankauctions.com/vikas@bankauctions.in पर ई–मेल भेजकर हमारे सेवा प्रदाता मै. 4 क्लोजर से ई–नीलामी पर ऑन लाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
6. संबंधित विवरणों के साथ बोलियां निर्धारित प्रारूप में केवल ऑन लाइन जमा की जायेगी।
7. ऑन लाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि 24.11.2019 के 6.00 बजे अप. तक है।
8. ई–नीलामी में भाग लेने के लिये इच्छुक बोलीदाताओं को नीचे वर्णित खाता में आरटीजीएस/एनईएफटी निधि अंतरण द्वारा ईएमडी जमा करना होगाः

बैंक का नाम	एचडीएफसी बैंक लि.
खाता धारक का नाम	हीरो फिनकॉर्प लि.
बैंक का पता	209–214, कैलाश बिल्डिंग 26, केजी मार्ग, नई दिल्ली
खाता सं.	00030310016156
आईएफएससी कोड	HDFC0000003

9. सफल बोलीदाता के मामले में ईएमडी समायोजित की जायेगी। असफल बोलीदाता को ईएमडी एचएफसीएल द्वारा वापस लौटा दी जायेगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दी जायेगी। न्यूनतम बोली वृद्धि मूल्य रु. 1,00,000/– (रुपए एक लाख मात्र) है।
10. एचएफसीएल को उसका कोई भी कारण बताये बिना किसी या सभी बोलियों/प्रस्तावों को स्वीकार या निरस्त करने अथवा ई–नीलामी बिक्री को स्थगित/निलंबित/रद्द करने का अधिकार प्राप्त है।
11. उपरोक्त सम्पत्ति को वर्णित आरक्षित मूल्य से कम में नहीं बेचा जायेगा।
12. यदि एचएफसीएल द्वारा बोली/प्रस्ताव स्वीकार की जाती है, बोली में उच्चतम मूल्य का प्रस्ताव करने वाले सफल बोलीदाता को एचएफसीएल के पास ई नीलामी बिक्री की पूर्णता पर तत्काल बिक्री मूल्य के 25% बोली राशि (ईएमडी सहित) का भुगतान करना होगा जिसमें विफल होने पर ईएमडी जब्त कर ली जायेगी तथा तत्काल सम्पत्ति की बिक्री कर दी जायेगी।
13. सफल बोलीदाता को बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन या उससे पूर्व हीरो फिन कॉर्प लिमिटेड के पक्ष में देय, नई दिल्ली में भुगतान होने योग्य चेक/पे आर्डर/ डिमांड ड्राफ्ट द्वारा अथवा आरटीजीएस/ एनईएफटी निधि अंतरण द्वारा 75% बोली राशि का भुगतान करना होगा।
14. निर्धारित अवधि अर्थात् बिक्री की पुष्टि के 15 दिनों के भीतर शेष 75% बोली राशि का भुगतान नहीं करने पर जमा राशि (25% बोली राशि सहित) जब्त कर ली जायेगी तथा सम्पत्ति की फिर से बिक्री की जायेगी तथा क्रेता उस सम्पत्ति अथवा राशि के किसी भाग जिसके लिये बाद में उसकी बिक्री की जायेगी, के प्रति अपने सभी दावे से वंचित हो जाएंगे।
15. एचएफसीएल द्वारा बिक्री की पुष्टि पर तथा यदि नियमों एवं शर्तों का पालन किया गया हो, बिक्री करने वाले प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के परिशिष्ट V में दी गई प्रपत्र में क्रेता के पक्ष में अचल सम्पत्ति का बिक्री प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।
16. **सम्पत्ति की बिक्री "जैसा है जहां है आधार" एवं "जो भी वहां है आधार" एवं "जैसा है जो भी है आधार" एवं उपचार-रहित आधार पर की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि बिक्री की जाने वाली सम्पत्ति के संदर्भ में टाइटल, पहचान, विस्तार, व्यास, सर्वे नम्बर, डोर नम्बर, चौहद्दी अथवा अधिभारों के विषय में संतुष्ट होने के लिये राजस्व/एसआरओ के अभिलेखों की जांच कर लें। एचएफसीएल उपरोक्त सम्पत्ति पर लम्बित किसी भी प्रकार की देयताओं के लिये उत्तरदायी नहीं होगा।**
17. इच्छुक पार्टी/बोलीदाता 23.11.2019 को या उससे पूर्व कार्यावधि के दौरान नीलामी पर रखी गई सम्पत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं जिसके लिये वे अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क कर सकते हैं।
18. सफल बोलीदाता को एकाकी रूप से लागू होने वाले कॉन्वीयन्स, पंजीकरण शुल्कों, स्टाम्प शुल्क, करों, सांविधिक देयताओं के लिये देय सभी चार्जेज का वहन करना होगा।
19. यह ई–नीलामी बिक्री एचएफसीएल द्वारा पुष्टि के अधीन होगी।
20. यह बिक्री/नीलामी सरफेसी अधिनियम, 2002 (उसके अंतर्गत निर्मित नियमों) में निर्दिष्ट शर्तों के अधीन होगी।
21. नीलामी की गई सम्पत्ति के संदर्भ में किसी चार्ज, लिएन, अधिभारों, सम्पत्ति कर तथा सरकार या किसी व्यक्ति के किसी अन्य बकाये के लिये एचएफसीएल उत्तरदायी नहीं होगा।
22. यदि वे अपनी सम्पूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान नहीं करते हैं तो उपरोक्त तिथि को ई–नीलामी बिक्री के आयोजन के विषय में उपरोक्त ऋण के ऋणधारक के लिये यह प्रकाशन 15 दिनों की बिक्री सूचना है। ऋणधारक ई–नीलामी की तिथि को या उससे पूर्व उपरोक्त राशि का भुगतान करने के लिये सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत 15 दिनों की बिक्री सूचना दी जाती है जिसमें विफल होने पर अचल सम्पत्ति की बिक्री कर दी जायेगी तथा शेष, यदि कोई हो, ब्याज तथा लागतों के साथ वसूल की जायेगी। यदि ई–नीलामी बिक्री की तिथि से पूर्व ऋणधारक एचएफसीएल की संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान कर देते हैं तो ई–नीलामी बिक्री रोक दी जायेगी।
23. एतद्द्वारा ऋणधारक को सूचित किया जाता है कि बिक्री के नियमों एवं शर्तों के अनुसार यहां ऊपर निर्दिष्ट गिरवी सम्पत्ति की खरीद के लिये वे इच्छुक क्रेताओं/खरीदारों को सामने ला सकते हैं।
24. अचल सम्पत्ति की बिक्री उच्चतम बोलीदाता को की जायेगी। लेकिन, प्राधिकृत अधिकारी को यदि वे आवश्यक समझें, इंटर–से बोली की अनुमति देने का सम्प्रभु अधिकार है।
25. ऊपर वर्णित ऋण की राशि, ऋण फोक्लोजर राशि नहीं है। उक्त ऋण के लिये लम्बित ईएमआई सहित अन्य सभी चार्जो की ऋण समापन के समय में गणना की जायेगी।

श्री कैलाश सैनी
मो.: 9599111970
तिथि: 2.11.2019 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: अजमेर हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड

ट्रिनिटी लीग इंडिया लिमिटेड

पंजी. कार्या.: ए-23, मंदाकिनी एन्क्लेव, अलकनंदा, जीके II, नई दिल्ली-110019
फोन: 011-40562329, वेबसाईट: www.trinityasia.in,
ई-मेल: trinityleague@trinitygroup.ind.in, CIN No: L93000DL1988PLC031953

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी सूचीयन विनियमन 2015 (एलओडीआर) के विनियमन 29 तथा 47 के अनुपालन में कम्पनी के निदेशक मंडल की 07/2019-20 बैठक सोमवार, 11 नवम्बर, 2019 को ट्रिनिटी टावर, बी-02 सेक्टर 7, नोएडा-201301 में स्थित कम्पनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य विषयों के साथ 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए कम्पनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किए जाएंगे।
इस सूचना में शामिल विवरण कम्पनी की वेबसाईट www.trinityasia.in तथा साथ ही स्टॉक एक्सचैंज की वेबसाईट www.bseindia.com पर उपलब्ध है।

ट्रिनिटी लीग इंडिया लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
स्थान: नोएडा धरमेन्दर कुमार
तिथि: 2.11.2019 (कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी)

SALORA

सलोरा इन्टरनेशनल लिमिटेड

CIN:L74899DL1968PLC004962

पंजी. कार्या.: डी-13/4, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110020, टेली.: 011-40552341
Email: sect@salora.com
Website: www.salora.com

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनिमय 47(1)(ए) के साथ पठित विनियमन 29 के अनुपालन में कम्पनी के निदेशक मंडल की 279वीं बैठक बुधवार, 13 नवम्बर, 2019 को कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जायेगी जिसमें अन्य विषयों में 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त 2री तिमाही के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किये जाएंगे।
उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाईट www.salora.com तथा स्टॉक एक्सचैंजों की वेबसाईट अर्थात् www.bseindia.com तथा www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।
पुनः सूचित किया जाता है कि कम्पनी का ट्रेडिंग विण्डो बंद रहने से संबंधित सेबी (इन्सायडर ट्रेडिंग निषेध) विनियमन, 2015, यथा संशोधित के अनुसार विनिर्दिष्ट व्यक्तियों तथा उनके सगे संबंधियों सहित सभी इन्सायडरों के लिये कम्पनी की शेयरों में कारोबार के लिये ट्रेडिंग विण्डो उक्त वित्तीय परिणामों की घोषणा के 48 घंटे बाद तक बंद रहेंगे।

सलोरा इन्टरनेशनल लि. के लिये
हस्ता./-
स्थान: नई दिल्ली (सिल्की गुप्ता)
तिथि: 1 नवम्बर, 2019 कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

FIEM INDUSTRIES LIMITED

Regd. Office : D-34, DSIDC Packaging Complex, Kirti Nagar, New Delhi-110015 (INDIA)
Tel.: +91-11-25927919 / 7820, Fax: +91-11-25927740, E-mail : investor@fiemindustries.com
Website : www.fiemindustries.com, CIN : L36999DL1989PLC034928

NOTICE

Pursuant to Regulation 47 read with 29 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (Listing Regulations). Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on **Thursday, November 14, 2019** at 2.00 p.m. at the Corporate Office of the Company situated at Plot No. 1915, Rai Industrial Estate, Phase-V, Distt. Sonepat, Haryana, inter-alia, to consider and approve standalone and consolidated Un-audited Financial Results of the Company for the Quarter and half year ended on **September 30, 2019**.
The said Notice is also available at the Company's website www.fiemindustries.com, and websites of stock exchanges www.bseindia.com and www.nseindia.com.

For Fiem Industries Ltd.
Date: 01.11.2019 Arvind K. Chauhan
Place: Rai (Haryana) Company Secretary

PEE CEE COSMA SOPE LTD.

CIN: L24241UP1986PLC008344 www.doctorsoap.com
Regd Office:G-10/8, Padam Deep, Sanjay Place, Agra-282002, Uttar Pradesh
Tel.No. 0562-2527332, Fax No. 0562-2527329, e-mail: pccosmalisting@doctorsoap.com

PUBLIC NOTICE

Pursuant of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the company is scheduled to be held on **Wednesday, 13th November, 2019** inter alia to approve and take on record the Un-Audited Financial Results of the company for the Quarter ended **30th September, 2019**. The Notice is also available on the Stock Exchanges website www.bseindia.com and company's website www.doctorsoap.com.

For & on behalf of the Board
PEE CEE COSMA SOPE LIMITED
Place : Agra ASHOK KUMAR JAIN
Date : 01.11.2019 (Executive Chairman) DIN:00113133

सर शादी लाल एण्टरप्राईजेज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय– 4अ, हन्सालय, 15, बाराखम्बा रोड नई दिल्ली– 110001
CIN : L51909DL1933PLC009509
Website-www.sirshadilal.com
E-mail: udsm_shamli@sirshadilal.com

सूचना

एतद्द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एल. ओ. डी. आर.) अधिनियम 2015 के नियम 29 (1)(ए) के अनुसार सूचित किया जाता है कि कम्पनी के संचालन मंडल की बैठक दिनॉक 9 नवम्बर, 2019 को होनी निश्चित हुई है, जिसमें 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त हुये त्रैमासिक/अर्धवार्षिक अपरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कम्पनी के अधिकारी/संचालको एवं उनके रिश्तेदारो के लिये कम्पनी की प्रतिभूतियो की खरीद फरोख्त कम्पनी के वित्तीय परिणामो के प्रकाशित होने के 48 घंटे तक बन्द रहेगी।

कृते सर शादी लाल एण्टरप्राईजेज लिमिटेड
हस्ता/–
स्थान : नई दिल्ली अजय कुमार जैन
दिनॉक : 01.11.2019 कम्पनी सचिव

एमबीएल इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड

CIN : L27109DL1995PLC338407

बानी कारपोरेट वन टावर, सूट नं. 308, तृतीय तल, प्लॉट नं. 5, कामर्शियल सेंटर, जसोला, दिल्ली– 110025
फोनः + 91–11–48593300, फैक्स : + 91–11–48593320
ई–मेलः cs@mblinfra.com, वेबसाइटः www.mblinfra.com

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि सेबी (सूचीयन देयताएं व प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के नियम 29 के साथ पठित नियम 47 के अनुपालन में कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक वृहस्पतिवार, 14 नवंबर, 2019 को होगी, जिसमें अन्य विषयों पर चर्चा के साथ-साथ 30 सितंबर, 2019 को समाप्त तिमाही व छमाही हेतु कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम (स्टैण्डएलोन व समेकित दोनों) का अभिलेखन व अनुमोदन किया जाएगा।
यह सूचना बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट (www.nseindia.com) पर उपलब्ध है, जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध है, साथ ही यह कंपनी की वेबसाइट अर्थात् www.mblinfra.com पर भी उपलब्ध है।

वास्ते एमबीएल इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड
दिनांक : 01.11.2019 अनुभव माहेश्वरी
स्थान : नई दिल्ली कंपनी सचिव

बैंक ऑफ इंडिया (Bank of India — Relationship beyond banking)

झण्डेवालान एक्स्टेंशन शाखा 3ई/4, झण्डेवालान एक्स्टेंशन, नई दिल्ली–110055, फोनः 28833134, फैक्सः 23513789 ईमेलः jhandewalan.newdelhi@bankofindia.co.in

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

यह मांग सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन)नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी की जा रही है जिसके अनुसार नीचे वर्णित ऋणधारकों को बैंक के अभिलेखों पर मांग सूचना तिथि 1.7.2019 से 60 दिनों के भीतर उन्हें स्वीकृत आवास ऋण की बकाया राशि नीचे वर्णित ऋणधारकों को वापस लौटाने का निर्देश दिया गया था जो हमारे पास अन्डेलिवर्ड वापस लौट आई (श्री हेमन्त जैन पुत्र श्री नरेश कुमार जैन) अतएव, यह सूचना प्रकाशित की जा रही है। यह सूचना (स्वीकृत साख सुविधाओं के लिये) बकाया राशि के ब्याज एवं मूलधन का भुगतान नहीं करने के लिये जारी की गई है तथा उसके अधिक्रम में बकाया राशि को भा.रि.बैं. के दिशा निर्देशों के अनुसार बैंक द्वारा एनपीए वर्गीकृत किया गया है।
यदि आप अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत इस सूचना के अनुसार अनुषांगिक खर्चे, लागत, चार्जेज आदि के साथ उपरोक्त राशि पर अनुबंधित दर पर आगे के ब्याज के साथ बैंक को नीचे वर्णित राशि का भुगतान नहीं करते हैं तो बैंक उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा लागू होने वाले प्रावधानों के अंतर्गत किसी अथवा सभी अधिकारों का प्रयोग करेगा।

ऋणधारकों का नाम एवं पता	गिरवी सम्पत्ति का विवरण	बकाया राशि (रु. में) 01.07.2019 को
1. श्री अंकुर जैन, पुत्र श्री नरेश कुमार जैन, ए–352, 3रा तल, मीरा बाग, पश्चिम विहार, नई दिल्ली–110087 2. श्री हेमन्त जैन, पुत्र श्री नरेश कुमार जैन, ए–352, 3रा तल, मीरा बाग, पश्चिम विहार, नई दिल्ली–110087, तथा 501, विंका ब्लॉक, मीरा बाग, पश्चिम विहार, अमरावती एन्क्लेव, पंचकूला हरियाणा–134105 3. श्रीमती कोमल जैन, पत्नी श्री नरेश कुमार जैन, ए-352, 3रा तल, मीरा बाग, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110087 4. श्रीमती प्रियंका जैन, पत्नी श्री अंकुर जैन, ए–352, 3रा तल, मीरा बाग, पश्चिम विहार, नई दिल्ली–110087	श्री अंकुर जैन, पुत्र श्री नरेश कुमार जैन तथा श्री हेमन्त जैन, पुत्र श्री नरेश कुमार जैन के नाम में जनता को–ऑप हाउस बिल्डिंग सोसायटी लिमिटेड, मीरा बाग के नाम से विदित, पश्चिम विहार, नई दिल्ली की ले आउट योजना में छत/टैरेस के अधिकार के साथ ब्लॉक ए में प्लॉट नं. 352 पर स्थित सम्पत्ति का ईक्यूएम, एरिया 373.33 वर्ग यार्ड्स, केवल तीसरा तल।	उस पर आगे के ब्याज के साथ रु. 8841824.75
मांग सूचना तिथिः 1.7.2019		
एनपीए तिथिः 30.6.2019		

कृपया ध्यान रहे कि उक्त सरफैसी अधिनियम की धारा 13(8) के अनुसार पट्टा, एसाइन्मेन्ट अथवा प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री द्वारा अंतरण के लिये सार्वजनिक नीलामी अथवा कोटेशन या जनता से निविदा आमंत्रण अथवा निजी संधि द्वारा उसकी बिक्री सूचना के प्रकाशन की तिथि तक ही आपको प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के विमोचन का अधिकार उपलब्ध होगा।
आपको यह भी सूचित किया जाता है कि धारा 13 की उप धारा 13 के अनुसार आप बैंक की लिखित अनुमति प्राप्त किए बिना बिक्री, पट्टा या अन्य रूप से उक्त प्रतिभूत परिसम्पत्तियों, नीचे वर्णित, का अंतरण नहीं कर सकेंगे। यह सूचना जैसा भी मामला हो, डीआरटी/ न्यायालय के समक्ष कानूनी कार्रवाई शुरू करने के बैंक के अधिकारों के प्रति पूर्वाग्रह रहित है।

तिथि: 24.10.2019 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: नई दिल्ली बैंक ऑफ बड़ौदा

NIIT एनआईआईटी लिमिटेड

पंजी. कार्या.: 8, बालाजी एस्टेट, प्रथम तल, गुरु रविदास मार्ग, कालकाजी, नई दिल्ली 110019
फोन: 91(11)41675000, फैक्स: 91(11)41407120
वेबसाइट: http://www.niit.com, ई-मेल: investors@niit.com

शेयर प्रमाणपत्र खो जाने की सूचना

स्थान: गुरुग्राम — दीपक बंसल
दिनांक: 01 नवम्बर, 2019 — कंपनी सचिव

बीएलबी लिमिटेड

(CIN L67120DL1981PLC354823)

ईमेल आईडी– csbil@bbl...; वेबसाइट– www.bblimited.com

सूचना

इस सूचना कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.bblimited.com पर और बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध है।

कृते और वास्ते बोर्ड के
बीएलबी लिमिटेड
हस्ता/–
स्थान : नई दिल्ली (वर्षा यादव)
दिनांक : 01.11.2019 कंपनी सचिव

SBI भारतीय स्टेट बैंक — STATE BANK OF INDIA

शाखा: सहारनपुर रोड, देहरादून

(नियम 8(1) के तहत) कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति हेतु)

ऋणी के नाम	बंधक सम्पत्तियों का विवरण	मांग नोटिस तिथि	कब्जा लेने की तिथि	बकाया राशि
ऋणी:- मैसर्स मिलन फार्मेसूट, सी-1 सरस्वती पुरम, ... हरिद्वार, उत्तराखण्ड- 249408 ...	... खसरा नं0 160, ... सीमायें:- पूर्व- नाला, ...	07.11.2018	31.10.2019	दिनांक 06.11.2016 तक रु. 11,65,536.00 + प्रभावी ब्याज एवं अन्य व्यय दिनांक 07.11.2016 से

दिनांक: 01.11.2019 — स्थान: देहरादून — प्राधिकृत अधिकारी

NHHFDL — न्यू हैबिटैट हाउसिंग फाइनेंस एंड डेवलपमेंट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : न्यू हैबिटैट हाउसिंग फाइनेंस एंड डेवलपमेंट लिमिटेड, मैजनाईन तल, एम–4, नई दिल्ली साउथ एक्सटेंशन पार्ट–1, नई दिल्ली–110049
कॉरपोरेट कार्यालयः सी–1, सैक्टर–3, नोएडा–201301, फोन : 0120-4180500

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 के अंतर्गत प्रतिभूतिहित नियम 2002 के नियम 13(2) के अन्तर्गत यह सूचना जारी की जाती है।

कर्जदार/गारन्टर के नाम एनपीए की तारीख	मांग सूचना की तारीख बकाया राशि	सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण
श्री अमित त्यागी, श्रीमती सारिका त्यागी, 12, पाना फार्म, सेक्टर 23, संजय नगर, गाजियाबाद — खाता संख्या HSG/N/HEA/NOI/2017/0011 ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि 25-04-2019	मांग सूचना की तारीख 21-10-2019 — बकाया राशि ₹ 9,63,056/- दिनांक 21-10-2019 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि	प्लॉट नं. 8 ब्लॉक, खसरा नं. 166 मिन, कृष्णा विहार कॉलोनी, गॉंव रईसपुर परगना डासना तहसील एवं जिला गाजियाबाद – 201002

दिनांक : 01.11.2019, स्थान : नोएडा — प्राधिकृत अधिकारी, न्यू हैबिटैट हाउसिंग फाइनेंस एंड डेवलपमेंट लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

शेयर बाजार लगातार छठे दिन बढ़त के साथ बंद

मुंबई, 1 नवंबर (भाषा)।

कमजोर वृहद आर्थिक आंकड़ों के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी का दौर रहा। बंबई शेयर बाजार का सूचकांक शुक्रवार को 36 अंक की मामूली बढ़त के साथ 40,165 अंक पर बंद हुआ।

बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सूचकांक उतार–चढ़ाव के बाद 35.98 अंक यानी 0.09 फीसद बढ़कर 40,165.03 अंक पर बंद हुआ। फिलहाल, सूचकांक अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से करीब 100 अंक दूर है। इस साल तीन जून को सूचकांक 40,267.62 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 13.15 अंक यानी 0.11 फीसद बढ़कर 11,890.60 अंक पर पहुंच गया।

पूरे सप्ताह के दौरान, सूचकांक 1,106.97 अंक यानी 2.83 फीसद बढ़ा जबकि निफ्टी 306.70 अंक यानी 2.64 फीसद चढ़ा। सूचकांक की कंपनियों में इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, वेदांत, टेक महिंद्रा, ओएनजीसी, एक्सिस बैंक और आइटीसी में 5.18 फीसद तक की तेजी आई।

इसके विपरीत, येस बैंक के शेयर में सबसे ज्यादा 5.46 फीसद की गिरावट रही। इसके अलावा टीसीएस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, एलएंडटी, एचसीएल टेक और एनटीपीसी के शेयर तीन फीसद तक गिर गए। विश्लेषकों ने कहा कि शेयर बाजार में हाल में आई तेजी थोड़ी समय के लिए थी और जिन कंपनियों के शेयरों में पिछले कुछ हफ्तों में तेजी दर्ज की गई है उनमें विशेष रूप से बिकवाली का दौर रहा।

बुनियादी उद्योगों का उत्पादन जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन सितंबर महीने में 5.2 फीसद घट गया। यह एक दशक में इस क्षेत्र का सबसे खराब प्रदर्शन है और इससे इस समय चल रही आर्थिक सुस्ती की गंभीरता का पता चलता है। बुनियादी क्षेत्र के आठ उद्योगों में से सात के उत्पादन में सितंबर में गिरावट आई है। इसके अलावा, कारखानों के ऑर्डर एवं उत्पादन की वृद्धि दर के दो साल के निचले स्तर पर आ जाने से अक्तूबर महीने में भी विनिर्माण गतिविधियों में सुस्ती जारी रही।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अक्तूबर महीने में दोपहिया वाहन बिक्री में गिरावट और विनिर्माण गतिविधियों के कमजोर रहने से शेयर बाजार में मामूली बढ़त रही। पिछले पांच हफ्तों के दौरान बाजार तेज भरते हुए सर्वकालिक ऊंचे स्तर पर करीब पहुंच गया। यह रुख अल्प अवधि में जारी रह सकता है लेकिन... सरकार की ओर से अल्प अवधि में और प्रोत्साहन की उम्मीद कम ही है।

अमेरिका–चीन व्यापार समझौते को लेकर सकारात्मक रुख के बीच चीन, हांगकांग और दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। जापान के निक्केई सूचकांक में गिरावट रही।

सात महीने में पहली बार मारुति की घरेलू बिक्री बढ़ी

महिंद्रा, टोयोटा का भी प्रदर्शन सुधरा

नई दिल्ली, 1 नवबंर (भाषा)।

वाहन बाजार में सुस्ती के बीच त्योहारी मांग आने से मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टोयोटा किर्लोस्कर समेत अन्य वाहन बनने वाली कंपनियों की बिक्री में अक्तूबर महीने में सुधार दिखा है।

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की इस साल अक्तूबर में घरेलू बाजार में थोक बिक्री 4.5 फीसद बढ़कर 1,44,277 इकाई रही। अक्तूबर 2018 में यह आंकड़ा 1,38,100 वाहनों का था।

पिछले सात महीनों में पहली बार कंपनी की घरेलू बिक्री में वृद्धि दर्ज की गई है। बिक्री नकारात्मक रहने के बावजूद महिंद्रा एंड महिंद्रा अक्तूबर में बिक्री में गिरावट को थामने में कामयाब रही। इस साल अक्तूबर में घरेलू बाजार में उसकी बिक्री 11 फीसद गिरकर 49,193 इकाई रही। इसके मुकाबले अक्तूबर 2018 में उसने 55,350 वाहन बेचे थे।

इस साल सितंबर में कंपनी की घरेलू बिक्री 21 फीसद गिरकर 40,692 इकाई पर थी। महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहन निभाग के विपणन व बिक्री प्रमुख विजय राम नकरा ने कहा, महिंद्रा के लिए अक्तूबर का महीना अच्छा रहा। इस दौरान खुदरा बिक्री, थोक बिक्री से करीब 40 फीसद आगे रही। यात्री और वाणिज्यिक वाहनों दोनों में मजबूत खुदरा बिक्री देखी गई है। इसी प्रकार, टोयोटो किर्लोस्कर की अक्तूबर में घरेलू बाजार में बिक्री 6 फीसद गिरकर 11,866 इकाई पर रही। कंपनी ने अक्तूबर, 2018 में 12,606 वाहनों की बिक्री की थी। इस साल सितंबर महीने में टोयोटो की कुल बिक्री 10,203 इकाई थी।

टीकेएम के उप प्रबंध निदेशक एन. राजा ने कहा कि त्योहारी मौसम विशेषकर धनतेरस और दिवाली में ग्राहकों की मांग में तेजी दर्ज की गई। एमजी मोटर इंडिया ने अक्तूबर महीने में एसयूवी हेक्टर की 3,536 इकाइयों की खुदरा बिक्री की है।

दोपहिया वाहन क्षेत्र में, बजाज ऑटो की अक्तूबर में घरेलू बाजार में बिक्री 13 फीसद गिरकर 2,78,776 वाहन रही। अक्तूबर 2018 में उसने 3,19,942 गाड़ियां बेची थीं। टीवीएस मोटर कंपनी की घरेलू बाजार में दोपहिया वाहन बिक्री 25.45 फीसद घटकर 2,52,684 इकाई पर रही। एक साल पहले की इसी अवधि में उसने 3,38,988 इकाइयों की बिक्री की थी।

इसके विपरीत, अक्तूबर में सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया की घरेलू बाजार में दोपहिया वाहन बिक्री 7.19 फीसद बढ़कर 66,215 इकाई रही। अक्तूबर 2018 में यह आंकड़ा 61,768 इकाई था।

वाणिज्यिक वाहन निर्माता अशोक लेलैंड की घरेलू बाजार में कुल वाणिज्यिक वाहन बिक्री 37 फीसद गिरकर 9,074 वाहनों पर रही, जो अक्तूबर 2018 में 14,341 इकाइयों पर थी।

सरकारी हिस्सेदारी कम करना कोई समाधान नहीं, बैंक यूनियनों ने कहा

कोलकाता, 1 नवंबर (भाषा)।

सरकारी बैंकों के कर्मचारियों व अधिकारियों के संगठनों ने बैंकिंग क्षेत्र के संकट को दूर करने के लिए सरकारी बैंकों का निजीकरण करने के नोबेल विजेता अभीजित बनर्जी के सुझाव से असहमति जताई है। बनर्जी ने हाल ही में कहा था कि सरकार को सरकारी बैंकों में अपनी हिस्सेदारी 50 फीसद से कम करना चाहिए, ताकि केंद्रीय सतर्कता आयोग के हस्तक्षेप के बिना फैसले किए जा सकें।

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के संयोजक (पश्चिम बंगाल) सिद्धार्थ खां ने कहा– हमें यह पता नहीं चलता है कि सरकारी बैंकों के निजीकरण से संकट कैसे दूर होगा? गैर–निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) की दिक्कत मुख्य रूप से आर्थिक सुस्ती, बैंकिंग प्रणाली में अच्छे प्रशासन का अभाव और राजनीतिक हस्तक्षेप हैं। केंद्र सरकार की हिस्सेदारी को बेचना कोई समाधान नहीं है। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कंफडरेशन के संयुक्त महासचिव संजय दास ने कहा कि सरकारी बैंकों में सरकार की हिस्सेदारी 50 फीसद से नीचे लाकर उन्हें सीवीसी के दायरे से दूर करना समाधान नहीं है। सीवीसी के कारण बैंकिंग प्रणाली में चीजें दुरुस्त व संतुलित रहती हैं।

बैंक एंपलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष प्रदीप बिस्वाल ने कहा– मुझे यह नहीं पता कि अभिजीत बनर्जी ने किस पृष्ठभूमि में ऐसा कहा, लेकिन हम सरकारी बैंकों में सरकार की हिस्सेदारी कम करने के विरोध में हैं।

जीएसटी संग्रह अक्तूबर में गिर कर 95,380 करोड़ पर

नई दिल्ली, 1नवंबर (भाषा)।

माल व सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अक्तूबर में गिरकर 95,380 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल अक्तूबर में संग्रह 1,00,710 करोड़ रुपए था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जब कि जीएसटी की वसूली एक लाख करोड़ रुपए से नीचे है। सितंबर में जीएसटी संग्रह 91,916 करोड़ रुपए था।

अधीक्षक जितेंद्र कुमार बताते हैं कि 19 महिला और 21 पुरुष बंदी छठ पूजा बड़ी पवित्रता से कर रहे हैं। वैशाली जिले के हाजीपुर मंडल जेल में 12 महिला और 14 पुरुष बंदी छठ पूजा कर रहे हैं। इसके अलावा, खुदीराम बोस केंद्रीय कारागार में 109 हाजती व सजायाफ्ता कैदी छठ व्रत कर रहे हैं।

इस दौरान, गंगा घाट व इस ओर जाने वाली सड़कों की सफाई प्रशासन और स्वयंसेवी संगठन मिलकर कर रहे हैं। सड़कों को बिजली-बत्ती से दुलहन की तरह सजाया गया है। चारों ओर छठ गीतों की धूम मची है। शुक्रवार को खरना है। शाम को प्रसाद और जल ग्रहण करने के बाद से व्रतियों का निर्जल उपवास 36 घंटे तक रहेगा। यह अटूट आस्था की मिसाल है।

उपवास के दौरान छठ व्रती बिस्तर पर नहीं सोते और दांत की सफाई के लिए ब्रश-पेस्ट का इस्तेमाल नहीं करते। वे इसके लिए नीम या बबूल के दतवन से करते है। सामर्थ्यवान लोग प्रसाद के वास्ते अनाज, फल, सूप, साड़ी-कपड़े जैसी पूजन सामग्री का वितरण भी खुले दिल से करते है। कई संस्थाएं भी इसमें अपनी अग्रणी भूमिका निभाती हैं। इस तरह छठ पर्व को बड़े उल्लास व धूमधाम से मनाने का सिलसिला जारी है।

भाईचारे पर आंच न आने दें इमाम : मुसलिम पर्सनल लॉ बोर्ड

लखनऊ, 1 नवंबर (भाषा)।

आल इंडिया मुसलिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआइएमपीएलबी) के वरिष्ठ सदस्य मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने अयोध्या मसले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला जल्द आने की संभावना के मद्देनजर तमाम मस्जिदों के इमामों से अपील की है कि वे मुसलमानों को देश के संविधान और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा करने और सांप्रदायिक भाईचारे पर आंच न आने देने की हिदायत दें।

अयोध्या विवाद

मौलाना खालिद ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा- जैसा मीडिया की रिपोर्टों से इस बात का अंदाजा लग रहा है कि अयोध्या मसले पर सुप्रीम कोर्ट का अंतिम फैसला जल्द ही आने वाला है। आप तमाम लोग इससे बखूबी वाकिफ हैं कि अयोध्या का यह मसला आजाद हिंदुस्तान का सबसे बड़ा और संवेदनशील मसला है, जिस पर न सिर्फ पूरे मुल्क की बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की भी निगाहें लगी हुई हैं। लिहाजा हर नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि अदालत का जो भी फैसला आए उसका सम्मान करे और हर हाल में अमन कायम रखे। उन्होंने कहा- मेरी तमाम मस्जिदों के जिम्मेदारों और इमामों से अपील है कि जुमे की नमाज से पहले अपने खुतबों और तकरीरों में अवाम से इस सिलसिले में अपील करें कि मुसलमानों को खौफजदा होने या डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि वे मुल्क के संविधान और न्यायपालिका पर पूरी तरीके से विश्वास करें और जो भी फैसला आए, उसका हम एहतराम करें।

ओड़ीशा : 17 किशोरियों को छुड़ाया

कोरापुट, 1 नवंबर (भाषा)।

ओड़ीशा के कोरापुट जिले में एक बस से 17 किशोरियों के एक समूह को छुड़ाया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि लड़कियों के साथ जा रहे एक व्यक्ति को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के एक दल ने जयपुर बस स्टैंड पर एक बस से 17 लड़कियों को छुड़ाया।

वाट्सऐप ने कई बैठकों में एक बार भी नहीं दी हैकिंग की सूचना

नई दिल्ली, 1 नवंबर (भाषा)।

सरकार इस बात को लेकर चिंता जताई की है कि वाट्सऐप के साथ जून से अब तक उसके साथ कई दौर की बातचीत हुई पर कंपनी ने एक बार भी पेगासस हैकिंग घटना का जिक्र नहीं किया। सरकारी स्रोतों ने इसकी जानकारी दी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सवाल उठाया कि यह वाट्सऐप संदेशों के स्रोत की जानकारी तथा जवाबदेही तय करने के लिए कोई कदम उठाने से सरकार को रोकने के लिए कंपनी की ओर से कोई अड़ंगा डालने जैसी चाल तो नहीं है।

सरकार हैकिंग मामले के खुलासे के समय को लेकर भी सवाल कर रही है। यह इस कारण महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि केंद्र सरकार ने देश में सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकने के उपाय के लिए सुप्रीम कोर्ट से तीन महीने का समय मांगा है। सूत्रों ने कहा कि सरकार दुर्भावनापूर्ण संदेशों की सामग्री के बजाय उसका स्रोत जानने पर जोर देगी।

फेसबुक की स्वामित्व वाली कंपनी व्हाट्सऐप के

सरकार ने जताई आशंका, वाट्सऐप संदेशों के स्रोत की जानकारी तथा जवाबदेही तय करने के लिए कोई कदम उठाने से सरकार को रोकने के लिए हो सकती है चाल

दुनिया भर में डेढ़ अरब से अधिक उपयोक्ता हैं। इसमें सिर्फ भारत से ही करीब 40 करोड़ उपयोक्ता हैं। वाट्सऐप इससे पहले भी फर्जी खबरों के प्रसार को लेकर सरकार के निशाने पर रह चुकी है।

इस बीच, वाट्सऐप ने शुक्रवार को कहा कि उसने हैकिंग मामले में ठोस कदम उठाया है और वह सभी नागरिकों की निजता की सुरक्षा की जरूरत पर भारत सरकार का समर्थन करती है।

वाट्सऐप के एक प्रवक्ता ने कहा कि हम सभी भारतीय नागरिकों की निजता की सुरक्षा की जरूरत को लेकर भारत सरकार के कठोर बयान से सहमत हैं। इसी कारण हमने साइबर हैकरों की जवाबदेही तय करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं और इसी कारण वाट्सऐप अपनी सेवाओं के जरिए सभी उपयोक्ताओं के संदेशों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि प्रवक्ता ने यह नहीं बताया कि वाट्सऐप ने सरकार के स्पष्टीकरण का जवाब दिया है या नहीं। बताते चलें कि वाट्सऐप ने गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों की वैश्विक स्तर पर जासूसी किए जाने का खुलासा किया था। उसने बताया था कि कुछ भारतीय पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता भी इस जासूसी के शिकार हुए हैं। सरकार ने इसके बाद कड़ा रुख अख्तियार करते हुए वाट्सऐप से मामले पर स्पष्टीकरण मांगा। सरकार ने यह भी पूछा कि वाट्सऐप ने लोगों की निजता की सुरक्षा के लिए क्या उपाय किए हैं। सूत्रों के अनुसार, कंपनी को चार नवंबर तक जवाब देने को कहा गया है।

सीआरपीएफ शिविर पर हमले में छह आतंकी दोषी करार

लखनऊ, 1 नवंबर (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के रामपुर में 2008 में सीआरपीएफ कैंप पर हुए आतंकी हमले में एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को छह आतंकियों को दोषी करार दिया। उत्तर प्रदेश के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने यहां जारी एक बयान में यह जानकारी दी। कुछ आतंकवादियों ने सीआरपीएफ के शिविर पर हमला किया था, जिसमें सात जवान शहीद हो गए थे जबकि एक नागरिक की भी मौत हुई थी। हमले में कुछ जवान और नागरिक घायल भी हुए थे। आठ लोगों के खिलाफ इस सिलसिले में मामला दर्ज किया गया था।

एटीएस ने कहा कि एक नवंबर को अपर जिला न्यायाधीश-3, रामपुर की अदालत ने छह लोगों को विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार दिया। दोषियों को आज सजा सुनाई जाएगी। दोषियों के नाम शरीफ (रामपुर), शाहबुद्दीन (मधुबनी, बिहार), इमरान (भिमहर, पाकिस्तानी कब्जे वाला कश्मीर), मुहम्मद फारूक (पाकिस्तान), बाबा (मुरादाबाद) और फहीम अरशद अंसारी (मुंबई) हैं।

आंगनबाड़ी केंद्रों में जबरन नहीं थोपा जाएगा अंडे परोसने का फैसला

इंदौर, 1 नवंबर (भाषा)।

मध्यप्रदेश के खेल और युवा कल्याण मंत्री जीतू पटवारी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार कुपोषण के कलंक को मिटाना चाहती है। लेकिन सूबे के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को अंडे परोसने के विचाराधीन प्रस्ताव को फैसले के रूप में जबरन नहीं थोपा जाएगा।

पटवारी ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'यह आवश्यक नहीं है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए अंडे खाना अनिवार्य किया जाए। आवश्यक यह है कि हम नौनिहालों को कुपोषण की स्थिति से बाहर कैसे निकालें।'

उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार की कतई मंशा नहीं है कि जोर-जबर्दस्ती से किसी व्यक्ति को कोई खास आहार लेने पर मजबूर किया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चे किस तरह का आहार लेंगे, इस सिलसिले में उनके माता-पिता की सहमति का भी ध्यान रखा जाएगा।'

KUWER INDUSTRIES LIMITED
R.O.: D-1004, First Floor, New Friends Colony, New Delhi- 110065
CIN: L74899DL1993PLC056627,
Tel. No. 011-26848636
Email I.D info@kuwer.com,
Website- www.kuwer.com

NOTICE

Notice is hereby given pursuant to regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulations, 2015 that the meeting of the Board of Directors is scheduled to be held on Wednesday, 13.11.2019, at 03:00 P.M. at registered office of Company at D-1004, First Floor, New Friends Colony, New Delhi- 110065 to consider the following:
1. To approve the Un-audited financial results for the quarter and half year ended on 30th day of September, 2019.
2. Any other matter with the permission of the Chairman.

The intimation contained in this notice is also available on Company's website www.kuwer.com and www.bseindia.com

For Kuwer Industries Limited
Sd/-
Jagdish Chandra
Company Secretary
Date : 01.11.2019
Place : New Delhi

ATLANTIC COMMERCIAL COMPANY LIMITED

NOTICE

For Atlantic Commercial Company Limited
Sd/-
Narendra Kishore Gaur
Chairman

Jaykay Enterprises Ltd.

NOTICE

For Jaykay Enterprises Ltd.
Sd/-
(Prabhat Kumar Mishra)
Sr. Manager (Legal) & Company Secretary
Place: Kanpur
Date : November 01, 2019

Selan Exploration Technology Limited

NOTICE

For Selan Exploration Technology Ltd.
Sd/-
Gunjan Gupta
Asst. Company Secretary
Date: 01 November 2019
Place: Gurgaon

FUTURISTIC SOLUTIONS LIMITED

NOTICE

By Order of the Board
Sd/-
Kuljit Kaur
(Company Secretary)
Place: New Delhi
Date: 01.11.2019

JAGSONPAL FINANCE & LEASING LTD
Regd. office : D-28, First Floor, Greater Kailash Enclave - I, New Delhi - 110048,
Tel :011-49025758, Fax :011-41633812
email :jagsonpalfinance@gmail.com
Website: jagsonpal.co.in
CIN : L65929DL1991PLC043182

NOTICE

Pursuant to Regulation 29 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, notice is hereby given that the meeting of Board of Directors of the Company will be held on Thursday, November 14, 2019, to consider and take on record the Unaudited Financial Results of the Company for the Second quarter (Q2) and Half Yearly ended on September 30, 2019.

By order of the Board of Directors
Jagsonpal Finance & Leasing Ltd.
Sd/-
Sumit Kumar Ghosh
Company Secretary
Date: 01.11.2019
Place: New Delhi

FORM "G"
INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST
(Under Regulation 36A (1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016

RELEVANT PARTICULARS

Name of Corporate Debtor: SUNGIL INDIA PRIVATE LIMITED

Sd/-
Kiran Martin Golla
Resolution Professional

PLACE : NEW DELHI
DATE : 02.11.2019
For SUNGIL INDIA PRIVATE LIMITED

उत्तरी दिल्ली नगर निगम

निविदा आमंत्रण सूचना

दिनांकः 28.10.2019

BEFORE DEBTS RECOVERY APPELLATE TRIBUNAL, DELHI

REGISTRAR

सुप्रीम कमर्शियल इन्टरप्राईजेज लिमिटेड

सूचना

स्टाइलम इंडस्ट्रीज लिमिटेड

सूचना

JAIPUR CITY TRANSPORT SERVICES LIMITED

CORRIGENDUM - 4

कार्पोरेशन बैंक

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

हांगकांग में अशांति बर्दाश्त नहीं, चीन ने दी चेतावनी

बेजिंग, 1 नवंबर (एएफपी)।

चीन ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि वह हांगकांग की प्रशासनिक व्यवस्था को चुनौती देने वाली किसी भी गतिविधि को और इस अर्द्ध स्वायत्त क्षेत्र के मामलों में कोई भी विदेशी दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं करेगा। चीन ने यह भी कहा कि वह इस शहर में देशभक्ति की भावना बढ़ाने की योजनाएं लेकर आया है।

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के एक वरिष्ठ सदस्य के मुताबिक, राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अध्यक्षता में हुई पार्टी की चार दिवसीय बैठक में इस अर्द्ध स्वायत्त क्षेत्र में अशांति पर भी चर्चा हुई। बेजिंग ने यह भी कहा कि हांगकांग के मामलों में कोई भी विदेशी दखलंदाजी वह बर्दाश्त नहीं करेगा।

बेजिंग स्थित केंद्र सरकार ने अभी तक हांगकांग की प्रशासक केरी लाम पर भरोसा जताया है और शहर की पुलिस ने हिंसक प्रदर्शनों के बढ़ने पर रोक लगाई है।

हालांकि, सभी नजरें इस ओर टिकी हैं कि प्रदर्शनों के नियंत्रण से बाहर होने की स्थिति में क्या पार्टी नेतृत्व और अधिक सख्त कदम उठाएगा।

> कभी ब्रिटेन के उपनिवेश रहे हांगकांग में नागरिकों के बुनियादी अधिकारों को लेकर महीनों से प्रदर्शन हो रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में लाखों लोगों ने सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

कभी ब्रिटेन के उपनिवेश रहे हांगकांग में नागरिकों के बुनियादी अधिकारों को लेकर महीनों से प्रदर्शन हो रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में लाखों लोगों ने सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। एक विवादास्पद प्रत्यर्पण विधेयक के खिलाफ ये प्रदर्शन हुए।

इमरान के खिलाफ जुटे हजारों प्रदर्शनकारी

इस्लामाबाद, 1 नवंबर (भाषा)।

पाकिस्तान में प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एक प्रभावशाली धर्मगुरू यहां एक विशाल रैली के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचे। प्रदर्शनकारी इमरान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। दक्षिणपंथी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने 27 अक्तूबर को अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के साथ दक्षिणी सिंध प्रांत से 'आजादी मार्च' की शुरुआत की है। ये लोग खान पर 2018 के आम चुनावों में 'गड़बड़ी' करने का आरोप लगाते हुए उनसे इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री पर अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन, अक्षमता और कुप्रशासन का आरोप भी लगाया जिससे आम आदमी की मुश्किलें बढ़ गईं। जमियत नेताओं ने कहा कि रहमान का 31 अक्टूबर को इस्लामाबाद पहुंचने का कार्यक्रम था, लेकिन काफिले में सैकड़ों की संख्या में वाहनों के होने की वजह से रफ्तार धीमी हो गई इससे देर हुई। मौलाना ने सुक्कूर, मुल्तान, लाहौर और गुजरांवाला के रास्ते अपना सफर तय किया और शुक्रवार को तड़के इस्लामाबाद पहुंचे।

उन्होंने रास्ते में अपने समर्थकों को बताया, 'वह (प्रधानमंत्री खान) चुनावों में धांधली कर सत्ता में आए हैं। उन्हें स्पष्ट संकेत देखने चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए वर्ना हम उन्हें बाहर कर देंगे।' आ ज त टीवी को दिए एक साक्षात्कार में रहमान ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं तो देश में 'अव्यवस्था' फैलेगी।

सुरक्षा संस्थाओं के मुताबिक 'आजादी मार्च' में हजारों लोग हिस्सा ले रहे हैं।

इस्लामाबाद में यह आंकड़ा और बढ़ गया क्योंकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) समेत विपक्षी दलों के समर्थक भी सरकार विरोधी इस प्रदर्शन में शामिल हो गए। यह प्रदर्शनकारी पेशावर मोड़ के निकट एक विशाल मैदान में रुके हुए हैं जहां वि भि न्न राजनीतिक दलों ने अपने कार्यकर्ताओं को ठहराने के लिए तंबू लगा रखे हैं।

> सुरक्षा संस्थाओं के मुताबिक 'आजादी मार्च' में हजारों लोग हिस्सा ले रहे हैं। इस्लामाबाद में यह आंकड़ा और बढ़ गया क्योंकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) समेत विपक्षी दलों के समर्थक भी सरकार विरोधी इस प्रदर्शन में शामिल हो गए। यह प्रदर्शनकारी पेशावर मोड़ के निकट एक विशाल मैदान में रुके हुए हैं जहां विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने कार्यकर्ताओं को ठहराने के लिए तंबू लगा रखे हैं।

यहां प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए पीपीपी प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि इमरान खान एक 'कठपुतली' हैं और राष्ट्र अपना सिर एक 'चयनित' प्रधानमंत्री और 'उसका चयन करने वालों' के सामने झुकाने के लिये तैयार नहीं हैं।

रहमान ने एक ट्वीट में सभी प्रदर्शनकारियों और विपक्षी नेताओं को उनके समर्थन के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि यह रैली अब शुक्रवार की प्रार्थना के बाद शुरू होगी और सभी वरिष्ठ विपक्षी नेता इसमें मौजूद होंगे। इस बीच पाकिस्तानी अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। मुख्य मार्गों को पूरी तरह या आंशिक तौर पर बंद कर दिया गया है। प्रमुख सरकारी इमारतों और राजनयिक क्षेत्र समेत 'रेड जोन' की तरफ प्रदर्शनकारियों को जाने से रोकने के लिये कंटीले तार लगाए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। संवेदनशील जगहों पर सैनिकों को भी तैनात किया गया है।

कश्मीर मुद्दे को बातचीत कर सुलझाएं भारत और पाक : गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र, 1 नवंबर (भाषा)।

अविभाजित जम्मू कश्मीर के एक राज्य से दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठन के बीच संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान से अनुरोध किया कि वे बातचीत के जरिए कश्मीर मामले को सुलझाएं और मानवाधिकार का पूर्ण सम्मान सुनिश्चित करें।

जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को केंद्र सरकार ने पांच अगस्त को खत्म कर दिया था और गुरुवार को राज्य दो केंद्र शासित प्रदेशों लद्दाख और जम्मू कश्मीर में बदल गया। जम्मू कश्मीर के एक राज्य नहीं रहने पर महासचिव के बयान के बारे में पूछे जाने पर संयुक्त राष्ट्र के मुखिया के उप प्रवक्ता फरहान हक ने गुरुवार को मीडिया से कहा, 'यह हमारी मौलिक चिंता को फिर से व्यक्त करने के लिए था जो महासचिव पूर्व में जम्मू कश्मीर की स्थिति के बारे में जता चुके हैं। जैसा कि आप जानते हैं, वह भारत और पाक के प्रतिनिधियों से स्थिति पर चर्चा के लिए उनके अनुरोध पर मिल चुके हैं।'

हक ने कहा कि संरा प्रमुख ने भारत और पाकिस्तान दोनों से अनुरोध किया है कि वे 'स्थिति को बातचीत से सुलझाएं और जैसा कि हमने स्पष्ट किया है और खास तौर पर मानवाधिकारों के लिए उच्चायुक्त के तौर पर साफ किया है कि कश्मीर की स्थिति का समाधान मानवाधिकार के पूर्ण सम्मान के साथ किया जा सकता है।' जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था।

पाकिस्तान इस मामले को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाने की कोशिश करता रहा है लेकिन भारत ने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को रद्द किए जाने के फैसले को अपना 'आंतरिक मामला' करार दिया है। देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर दोनों केंद्र शासित प्रदेश अस्तित्व में आए।



इस्लामाबाद में शुक्रवार को सरकार विरोधी मार्च के दौरान नमाज अदा करते कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के कार्यकर्ता

स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

सूचना

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 की नियमावली 33 के साथ पठित विनियम 47 (1) के अनुपालन में मैसर्स स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड (एसआईएल) ने 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही के अपरीक्षित वित्तीय परिणाम के बारे में विचार करने और स्वीकार करने के लिए निदेशक मंडल की बैठक **सोमवार, 11 नवम्बर, 2019 को पूर्वाह्न 11:00 बजे बोर्ड रूम, स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड, लखनऊ** में होगी।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार कृते स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड

ह./–

स्थान: लखनऊ — आर. श्रीनिवासुलु,

दिनांक: 31 अक्टूबर, 2019 — अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

मुर्दाघरों में पड़े हैं 30 हजार अज्ञात लोगों के शव

मेक्सिको सिटी, 1 नवंबर (एपी)।

मेक्सिको के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि देश भर के मुर्दाघरों में 30 बजार अज्ञात लोगों के शव और कंकाल पड़े हैं। इनका कोई दावेदार सामने नहीं आया है। सरकारी आयोग ने कहा कि मुर्दाघरों में धन, मानव संसाधन और उपकरणों की कमी है। ऐसे में शवों की उचित तरीके से जांच नहीं हो पा रही और फॉरेंसिक पहचान का क्षेत्र संकट में है।

बीते दशक में मेक्सिको में बड़े पैमाने पर हत्या की घटनाएं हुई और उन शवों का निपटारा नहीं हो पाने के कारण यह हालात बने हैं।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

शाखा: न्यू रोहतक रोड; सर्किल कार्यालय : मध्य दिल्ली

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति/चल सम्पत्ति हेतु)

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि वित्तीय आस्तियों एवं प्रवर्तन (प्रतिभूति) हित अधिनियम, 2002 के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित धारा 13(4) एवं 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में अधिकृत प्राधिकारी ने यहाँ नीचे तालिका में वर्णित तिथियों पर कथित सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए कहते हुए एक माँग सूचना निर्गत की।

कर्जदारों तथा जमानतियों के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण एतद्वारा निम्नलिखित कर्जदारों तथा जमानतियों एवं जनसामान्य को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपभोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों पर कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं जमानती को तथा जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति से किसी प्रकार का संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किसी प्रकार का संव्यवहार राशियों तथा उस पर ब्याज के लिए पंजाब नैशनल बैंक के प्रभार का विषय होगा।

कर्जदार/जमानत के नाम	प्रतिभूत आस्ति(यों) का विवरण	सूचना 13(4) में बकाया राशि	माँग सूचना की तिथि/ कब्जा की तिथि
1) सुश्री सताशी शर्मा 2) श्री नरेश कुमार शमा 3) सुश्री अरुणा शर्मा खाता नं.: [illegible]	प्रथम तल, रामदत्त एन्कलेव, उत्तम नगर, नई दिल्ली का इक्विटी योग्य बंधक।	02.07.2019 तक रु. 21,03,169/– + पूर्ण भुगतान तक भावी ब्याज एवं लागत	18.07.2019/ 31.10.2019

दिनांक : 01.11.2019

स्थान : दिल्ली — (अधिकृत प्राधिकारी)

वेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड

(पूर्व में सहयोग मल्टीबेस लिमिटेड)

पंजीकृत कार्यालय: मकान नं.9, रोड नं.-13, ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली 110026

सीआईएन: L74110DL1992PLC116773

फोन: +91 9811876512

ईमेल: sahyogcreditslimited@yahoo.in info@bestagrolife.com

वेबसाइट: www.sahyogmultibaselimited.com

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि 30 सितम्बर 2019 को समाप्त दूसरी तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार और अनुमोदन करने के लिए निर्धारित सोमवार, 11 नवम्बर, 2019 को सायं 03:30 बजे कंपनी के बोर्ड डायरेक्टरों की बैठक इसके पंजीकृत कार्यालय मकान नं. 9, रोड नं.-13, ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026 पर आयोजित होगी।

बोर्ड बैठक की सूचना कंपनी की वेबसाइट www.sahyogmultibaselimited.com [illegible] और बीएसई viz. की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते वेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड (पूर्व में सहयोग मल्टीबेस लिमिटेड)

हस्ता./– [illegible] कंपनी सचिव व अनुपालन अधिकारी

दिनांक: 01/11/2019

स्थान: नई दिल्ली

श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : तीसरी मंजिल, हिमालया हाउस, 23, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली– 110 001

Tel. : +91 11 2331 5941 Fax : +91 11 2331 1203, Website : www.shrirampistons.com

E-mail : compliance.officer@shrirampistons.com, CIN : L29112DL1963PLC004084, PAN : AAACS0229G

30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही व 6 माह हेतु समेकित अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

(राशि लाखों रू. में प्रति शेयर विवरण के सिवाय)

	विवरण	समेकित					
		तीन माह समाप्त सितम्बर 30 2019 अनंकेक्षित	तीन माह समाप्त जून 30 2019 अनंकेक्षित	तीन माह समाप्त सितम्बर 30 2018 अनंकेक्षित	अवधि समाप्त सितम्बर 30 2019 अनंकेक्षित	अवधि समाप्त सितम्बर 30 2018 अनंकेक्षित	वर्ष समाप्त 31 मार्च 2019 अंकेक्षित
1.	परिचालनों से कुल आय	**42504**	44008	49976	86512	96394	197855
2.	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानी) (कर एवं असाधारण मदों से पहले)	**2608**	2659	5396	5267	10815	20924
3.	अवधि हेतु कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानी) (असाधारण मदों के बाद)	**2608**	2659	5396	5267	10815	20924
4.	अवधि हेतु कर के बाद शुद्ध लाभ/(हानी) (असाधारण मदों के बाद)	**3018**	1752	3489	4770	7039	13845
5.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/ (हानी) (कर के बाद) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	**3259**	1537	3298	4796	7008	14021
6.	चुकता इक्विटी शेयर पूंजी	**2237**	2237	2237	2237	2237	2237
7.	**आय प्रति इक्विटी शेयर** (रू. 10/- प्रति) संचालन के जारी रखने और छोड़ने हेतु						
	(1) मूल	**13.49**	7.83	15.59	21.32	31.46	61.88
	(2) तरल	**13.49**	7.83	15.59	21.32	31.46	61.88

स्टैंडअलोन वित्तिय परिणामों की जानकारी नीचे दी गई है : *(राशि लाखों रू. में प्रति शेयर विवरण के सिवाय)*

	विवरण	स्टैंडअलोन					
		तीन माह समाप्त सितम्बर 30 2019 अनंकेक्षित	तीन माह समाप्त जून 30 2019 अनंकेक्षित	तीन माह समाप्त सितम्बर 30 2018 अनंकेक्षित	अवधि समाप्त सितम्बर 30 2019 अनंकेक्षित	अवधि समाप्त सितम्बर 30 2018 अनंकेक्षित	वर्ष समाप्त 31 मार्च 2019 अंकेक्षित
1.	परिचालनों से कुल आय	**42504**	44008	49976	86512	96394	197854
2.	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानी) (कर एवं असाधारण मदों से पहले)	**2608**	2659	5396	5267	10815	20924
3.	अवधि हेतु कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानी) (असाधारण मदों के बाद)	**2608**	2659	5396	5267	10815	20924
4.	अवधि हेतु कर के बाद शुद्ध लाभ/(हानी) (असाधारण मदों के बाद)	**3018**	1752	3489	4770	7039	13845
5.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/ (हानी) (कर के बाद) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	**3259**	1537	3298	4796	7008	14021
6.	चुकता इक्विटी शेयर पूंजी	**2237**	2237	2237	2237	2237	2237
7.	**आय प्रति इक्विटी शेयर** (रू. 10/- प्रति) संचालन के जारी रखने और छोड़ने हेतु						
	(1) मूल	**13.49**	7.83	15.59	21.32	31.46	61.88
	(2) तरल	**13.49**	7.83	15.59	21.32	31.46	61.88

टिप्पणि : उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन तथा अन्य उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई परिणामों के विस्त त प्रारूप का सार है। वित्तीय परिणामों का सम्मपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेवसाईट (www.nseindia.com) तथा कम्पनी की वेवसाईट (www.shrirampistons.com) पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के लिए तथा उनकी ओर से

स्थान : नई दिल्ली — **(विनोद रहेजा)** मुख्य वित्तीय अधिकारी — **(ए. के. तनेजा)** प्रबंध निदेशक

तिथि : 01.11.2019

ट्रंप की चेतावनी के बाद ब्रिटेन ने ब्रेग्जिट करार का किया बचाव

लंदन, 1 नवंबर (एएफपी)।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के दफ्तर ने यूरोपीय संघ के साथ देश के ब्रेग्जिट करार का बचाव किया है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि वह भविष्य में दोनों देशों के लिए कारोबारी समझौते को असंभव बना देंगे।

राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को ब्रिटिश चुनाव प्रचार का हिस्सा बनते हुए जॉनसन के यूरोपीय संघ से अलग होने की शर्तों की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'यह करार...आप यह नहीं कर सकते, आप व्यापार नहीं कर सकते। हम ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौता नहीं कर सकते।' ब्रिटेन के एक प्रवक्ता ने हालांकि बाद में कहा कि इस डील से ब्रिटेन को 'दुनिया भर में अपने मुक्त व्यापार सौदे करने की मंजूरी मिलेगी और इससे ब्रिटेन के हर हिस्से को फायदा होगा।' ट्रंप का यह बयान सितंबर में की गई उनकी उस टिप्पणी के उलट है जिसमें उन्होंने कहा था कि एक बार ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से अलग होने के बाद वह 'शानदार कारोबारी डील' करने के लिए जॉनसन के साथ काम कर रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने देश के मुख्य विपक्षी नेता जर्मी कॉर्बिन पर तीखा हमला किया और जॉनसन से अनुरोध किया कि वो यूरोपीय संघ की आलोचना करने वाले कट्टरपंथी निगेल फराज से जुड़ जाएं। फराज यूरोपीय संघ की

अमेरिका ने भारत के खिलाफ डब्लूटीओ के फैसले का किया स्वागत

वाशिंगटन, 1 नवंबर (भाषा)।

अमेरिका ने भारत के निर्यात प्रोत्साहनों के खिलाफ डब्लूटीओ के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह उसके लिए एक शानदार जीत है। साथ ही इससे अमेरिका के श्रमिकों को परस्पर बराबरी के अवसर मिलेंगे। घरेलू निर्यात प्रोत्साहनों के खिलाफ विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में अमेरिका द्वारा दायर मुकदमे में भारत हार गया है। डब्लूटीओ की विवाद निपटान समिति ने गुरुवार को कहा कि ये योजनाएं अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों के अनुरूप नहीं है।

फैसले पर अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि रॉबर्ट लाइटहाइजर ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका अपने श्रमिकों के लिए परस्पर बराबरी के अवसर सुनिश्चित करने के लिए डब्लूटीओ समेत हरसंभव विकल्प का उपयोग कर रहा है। उन्होंने बयान में कहा कि यह अमेरिका के लिए शानदार जीत है।

इस बीच, भारत की ओर से एक अधिकारी ने कहा है कि वह डब्लूटीओ की विवाद निपटान समिति के निर्णय के खिलाफ अपील करेगा।

अमेरिका ने पिछले साल 14 मार्च को भारत की भारत वस्तु निर्यात योजना (एमईआइएस), निर्यात उन्मुख इकाइयां तथा निर्यात संवर्द्धन पूंजीगत सामान (ईपीसीजी) योजना तथा शुल्क मुक्त आयात योजना जैसी निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं को लेकर उसे डब्लूटीओ की विवाद निपटान प्रणाली घसीटा था। समिति ने कहा है कि भारत को इस प्रकार की योजनाओं को समाप्त करने के लिए अन्य विकासशील देशों की तरह आठ साल की मोहलत नहीं मिलेगी।

झारखण्ड सरकार

ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा0का0मा0)

मुख्य अभियंता का कार्यालय

102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, रांची

सूचना

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण विकास विभाग (ग्रा0का0मा0), कार्य प्रमण्डल, जामताड़ा के अल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण संख्या 82/R1/2019-20/RDD(RWA)/JAMTARA दिनांक 23.09.2019 PR NO.-220894 के द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी

ई-प्रोक्यूरमेन्ट सेल

PR 221419 (Rural Work Department) 19-20 (D)

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

...the name you can BANK upon!

Head Office, GSAD, First Floor, East Wing
Plot No. 4, Sector 10, Dwarka, New Delhi-110075

TENDER NOTICE

Request for Proposal (RFP) for Renewal of Cyber Risk Insurance Policy for the Bank

Punjab National Bank invites sealed offers from established insurers for Renewal of Cyber Risk Insurance Policy for the bank. Please visit our website **https://www.pnbindia.in/** or the governmental portal **www.eprocure.gov.in** for the notice of the tender.

The detailed RFP can be requested for from the below email id's: **smonga@pnb.co.in, ritusharma1@rathi.com, shitanshuharia@rathi.com, ciso@pnb.co.in**

Addendum / Corrigendum, if any, to this tender will be published only on Bank's website and Government portal.

Date of commencement of issue of RFP	: 1st November 2019
Last date for receipt of RFP queries	: 7th November 2019
Last date of receipt of RFP responses	: 11th November 2019
Last date for submission of RFP by bidders	: 15th November 2019 upto 03:00 PM
Opening of Bids	: 15th November 2019 at 03:30 PM

अमेरिका में सिखों का योगदान बताने के लिए कांग्रेस में प्रस्ताव

वाशिंगटन, 1 नवंबर (भाषा)।

सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 550वीं जयंती पर अमेरिका में सिख समुदाय के योगदान तथा बलिदान और देश एवं दुनियाभर में उनके साथ हुए भेदभाव को रेखांकित करने के लिए अमेरिकी संसद में प्रस्ताव पेश किए गए हैं। सीनेटर टॉड यंग और बेन कार्डिन द्वारा गुरुवार को पेश किए प्रस्तावों में से एक में 12 नवंबर को गुरु नानक देव की 550वीं जयंती के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्त्व का जिक्र है।

यंग ने कहा, 'यह प्रस्ताव अमेरिकी सिखों का सम्मान करता है, जो हमारे राष्ट्र की समृद्ध संस्कृति और विविधता का अभिन्न हिस्सा हैं।' उन्होंने कहा, 'इंडियाना में दस हजार से अधिक सिखों का घर है और मैं उनके सम्मान में पहला प्रस्ताव पेश कर गौरवान्वित हूं। यह विश्व का पांचवां सबसे बड़ा धर्म है, जिसके योगदान से होजियर (इंडियाना प्रांत के मूल निवासी) समुदाय समृद्ध हुआ है।' सिखों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए प्रस्ताव में अमेरिका और विश्वभर में सिखों के साथ हुए भेदभाव का भी उल्लेख किया गया।

कार्डिन ने सिखों का उनके सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक क्षेत्र में योगदान और उनके तथा अन्य समुदाय के खिलाफ हुए नस्लीय एवं धार्मिक भेदभाव के खिलाफ खड़े होने के उनके साहस की सराहना भी की। कार्डिन ने कहा, 'सिख अमेरिकी कई पीढ़ियों से अमेरिकी कहानी का एक गौरवपूर्ण हिस्सा रहे हैं और वे हमारे राष्ट्र तथा उन समुदायों को समृद्ध करना जारी रखेंगे, जिनमें वे रहते हैं।' सीनेटर ने प्रस्ताव में चार सिखों के अमेरिका में योगदान का जिक्र भी किया।

इनमें पहले एशियाई-अमेरिकी सांसद सिख दलीप सिह सौंद हैं, जिन्हें 1957 में पद पर चुना गया था। 'फाइबर ऑप्टिक्स' के आविष्कारक डॉ. नरिंदर कपानी, अमेरिका में आड़ू के सबसे बड़े उत्पादक दीनार सिंह बैंस और प्रतिष्ठित 'रोजा पार्क्स ट्रेलब्लेज़र' पुरस्कार विजेता गुरिंदर सिह खालसा शामिल हैं।

खबर कोना



शेनजेन (चीन) : डब्लूटीए फाइनल टेनिस टूर्नामेंट में शुक्रवार को अमेरिका की सोफिया केनिन को हराने के बाद यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना।

एआइएफएफ ने डीएफबी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, 1 नवंबर (भाषा) ।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) ने शुक्रवार को यहां जर्मनी के अपने समकक्ष डीएफबी के साथ सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल के भारत के दौरे के समय इस समझौते पर हस्ताक्षर हुए। एआइएफएफ के महासचिव कुशाल दास और डीएफबी (जर्मन फुटबॉल संघ) के महासचिव फ्रेडरिक करटियस ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। एआइएफएफ ने बयान में कहा, एमओयू के अंतर्गत भारतीय फुटबॉल से संबंधित कई पक्ष आते हैं जिसमें कोच शिक्षा (जमीनी स्तर पर कोच शिक्षा भी शामिल), प्रतिभा खोज, भारत को पेशेवर रैफरियों की सेवा देना, राष्ट्रीय टीमों के बीच आदान प्रदान और डीएफबी की आल स्टार टीम का दौरा (अगर व्यावहारिक हो तो), संयुक्त विपणन पहल और खेल प्रशासन शामिल हैं। दास ने डीएफसी के साथ समझौते पर खुशी जताई। दास ने कहा, डीएफबी के साथ समझौता एआइएफएफ के लिए बेहद सम्मान की बात है। मुझे यकीन है कि इससे भारतीय फुटबॉल को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा, जर्मनी को उसकी फुटबॉल ताकत के लिए जाना जाता है और जमीनी स्तर पर उन्होंने शानदार काम किया है।

डब्लूडब्लूई स्टार चार्लोट फ्लेयर इस महीने भारत आएंगी

नई दिल्ली, 1 नवंबर (भाषा)।

डब्लूडब्लूई स्टार चार्लोट फ्लेयर तीन दिवसीय दौरे पर भारत आएंगी जो 14 नवंबर से शुरू होगा और इस दौरान वे विशेष ओलंपिक खिलाड़ियों से भी मिलेंगी। वे चार साल पहले भी भारत आई थीं। इस दौरे पर वे 14 से 15 नवंबर तक मुंबई का और 16 नवंबर को बंगलुरु का दौरा करेंगी तथा इन दोनों शहरों में प्रशंसकों से मुलाकात करेंगी। चार्लोट मुंबई में 'चिल्ड्रन्स डे' के मौके पर विशेष ओलंपिक खिलाड़ियों से मिलेंगी और कॉमिक कॉन इंडिया में भी शिरकत करेंगी। वह डब्लूडब्लूई सुपरस्टार रिक फ्लेयर की बेटी हैं और दूसरी पीढ़ी की पेशेवर पहलवान हैं।

इंदौर में सबसे सस्ता पांच दिवसीय टिकट 315 रुपए का

इंदौर, 1 नवंबर (भाषा) ।

मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) ने यहां भारत और बांग्लादेश के बीच 14 नवंबर से शुरू होने वाले टैस्ट मैच के टिकटों की दरें घोषित की जिसमें पांच दिन के सबसे सस्ते टिकट के लिए दर्शकों को 315 रुपए खर्च करने होंगे। एमपीसीए के सचिव संजीव राव ने शुक्रवार को एजंसी को बताया, हमने होलकर स्टेडियम में आयोजित पिछले क्रिकेट मैचों के मुकाबले इस बार टैस्ट मैच की दरें कम रखी हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग खेल का मजा ले सकें। उन्होंने कहा, दैनिक टिकट को लेकर हालांकि अभी कोई फैसला नहीं किया गया है। जल्द ही इस संदर्भ में फैसला किया जाएगा। राव ने बताया कि होलकर स्टेडियम में इस पांच दिवसीय मुकाबले का गवाह बनने की इच्छा रखने वाले दर्शकों को सामान्य श्रेणियों की अलग-अलग दीर्घाओं के प्रत्येक टिकट के लिए 315 से 1,845 रुपए तक चुकाने होंगे। टिकटों की बिक्री ऑनलाइन की जाएगी। भारत और बांग्लादेश के बीच दो टैस्ट मैचों की शृंखला का पहला मुकाबला होलकर स्टेडियम में 14 से 18 नवंबर के बीच खेला जाना है।

ओलंपिक में जगह पक्का करने के करीब हॉकी टीमें

मनदीप के दो गोल से पुरुष टीम ने रूस को 4-2 से हराया

भुवनेश्वर, 1 नवंबर (भाषा) ।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को यहां दो मैचों के हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के पहले मैच में रूस की कमजोर मानी जाने वाली टीम के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी लेकिन इसके बावजूद मेजबान टीम ने मनदीप सिंह के दो गोल की बदौलत 4-2 से जीत दर्ज की।

मनदीप ने 24वें और 53वें मिनट में दो मैदानी गोल दागे जबकि हरमनप्रीत सिंह (पांचवें मिनट) और एसवी सुनील (48वें मिनट) ने भी भारत की ओर से एक-एक गोल किया। दोनों टीमों के स्तर और विश्व रैंकिंग में बड़े अंतर के कारण एकतरफा मुकाबले की उम्मीद की जा रही थी लेकिन दुनिया की 22वें नंबर की रूस की टीम ने अपने जुझारू खेल से मेजबान टीम को हैरान किया और हार के अंतर को सिर्फ दो गोल तक सीमित रखा। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम भारत शनिवार को होने वाले दूसरे चरण के मुकाबले को हल्के में नहीं ले सकती क्योंकि रूस ने दिखा दिया है कि उनकी टीम उलटफेर करने में सक्षम है। दोनों मैचों के कुल स्कोर के आधार पर जीत दर्ज करने वाली टीम तोक्यो ओलंपिक खेल 2020 के लिए क्वालीफाई करेगी। मैच की शुरुआत काफी तेज हुई। तीसरे ही मिनट में रूस के पावेल गोलुबेव के प्रयास को भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने नाकाम किया। दो मिनट बाद मेजबान टीम ने वीडियो रैफरल का सहारा लिया जिससे टीम को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदला।

मनदीप सिंह रूस के खिलाफ गोल दागते हुए।

भारतीय महिला टीम ने अमेरिका को 5-1 से रौंदा

भुवनेश्वर, 1 नवंबर (भाषा) ।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने ओलंपिक क्वालीफाई करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को यहां जो मैचों के एफआइएच क्वालीफायर के पहले चरण में अमेरिका पर 5-1 की आसान जीत जर्ज की।

इस मुकाबले के करीबी होने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन भारतीय महिला टीम ने कलिंगा स्टेडियम में दर्शकों की हौसला-अफजाई के बीच अमेरिका की चुनौती का आसानी से ध्वस्त कर जिया। भारत की ओर से ड्रैगफ्लिकर गुरजीत कौर (42वें और 51वें मिनट) ने जो जबकि लिलिमा मिंज (28वें मिनट), शर्मिला जेवी (40वें मिनट) और नवनीत कौर (46वें मिनट) ने एक-एक गोल जागा। अमेरिका की ओर से एकमात्र गोल पेनल्टी स्ट्रोक पर 54वें मिनट में एरिन मेटसन ने किया। दुनिया की नौवें नंबर की टीम भारत को अब तोक्यो ओलंपिक 2020 का टिकट कटाने के लिए शनिवार को दूसरे और अंतिम चरण में अपने चार गोल की फायदे की स्थिति का बचाव करना होगा। भारतीय टीम ने शुरू से ही अमेरिकी टीम पर जबाव बनाया लेकिन स्पष्ट मौके बनाने में नाकाम रही।

इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया

क्राइस्टचर्च, 1 नवंबर (एएफपी) ।

जेम्स विन्स के पहले अर्धशतक की बदौलत इंग्लैंड ने यहां शुरुआती टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड पर सात विकेट से शानदार जीत हासिल की।

मेहमान टीम के लिए विंस शीर्ष स्कोरर रहे, उन्होंने 59 रन की पारी खेली। इससे इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड द्वारा दिए गए 154 रन के लक्ष्य को 18.3 ओवर में ही हासिल कर लिया और पांच मैचों की शृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। इंग्लैंड ने टास जीतकर न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसने रास टेलर के 44 रन, टिम सेफर्ट के 32 रन और डेरिल मिशेल के नाबाद 30 रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 153 रन बनाए। कई सीनियर खिलाड़ियों के बिना खेल रही इंग्लैंड ने इसके बाद विन्स की अर्धशतकीय पारी से सात विकेट से जीत हासिल की जिन्होंने 38 गेंद में सात चौके और दो छक्के जमाए। सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने 35 रन बनाकर अच्छी शुरुआत कराई। स्पिनर मिशेल सैंटनर और साथी स्पिनर ईश सोढी ने इंग्लैंड की रन गति पर थोड़ी लगाम कसी जिसके बाद विन्स और कप्तान इयोन मोर्गन (नाबाद 34) ने 54 रन की भागीदारी निभाई। विन्स के आउट होने के बाद मोर्गन और सैम बिलिंग्स (नाबाद 14) ने टीम को आराम से जीत तक पहुंचाया।

न्यूजीलैंड के लिए सैंटनर ने 23 रन देकर तीन विकेट झटके लेकिन वह टीम को हार से नहीं बचा सके। न्यूजीलैंड के नियमित कप्तान केन विलियम्सन कूल्हे की चोट के कारण इस शृंखला में नहीं खेल रहे हैं। टीम को निश्चित रूप से उनकी बल्लेबाजी की कमी खल रही है।

बढ़त पहला टी-20 जीतकर पांच मैचों की शृंखला में बनाई बढ़त

जेम्स विंस ने 38 गेंद में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 59 रन की पारी खेली

154 का लक्ष्य इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में ही हासिल कर लिया तीन विकेट पर

भारत ए को रौंदकर भारत सी देवधर ट्रॉफी के फाइनल में

रांची, 1 नवंबर (भाषा) ।

सलामी बल्लेबाजों शुभमन गिल और मयंक अग्रवाल के शतक के बाद जलज सक्सेना के करिअर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत सी ने शुक्रवार को यहां भारत ए को 232 रन से रौंदकर देवधर ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

भारत सी के कप्तान गिल (142 गेंद में 143 रन) और टैस्ट सलामी बल्लेबाज अग्रवाल (111 गेंद में 120 रन) ने पहले विकेट के लिए 226 रन जोड़े जिसके बाद सूर्य कुमार यादव ने सिर्फ 29 गेंद में नाबाद 72 रन की तूफानी पारी खेली। भारत सी ने 50 ओवर में तीन विकेट पर 366 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ऑफ स्पिनर जलज सक्सेना (41 रन पर सात विकेट) की धारदार गेंदबाजी से भारत सी ने इसके बाद भारत ए को 29.5 ओवर में सिर्फ 134 रन पर ढेर करके टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। भारत सी और गुरुवार को यहां भारत ए को हराने वाली भारत बी के बीच सोमवार को फाइनल खेला जाएगा। फाइनल से पहले इन दोनों टीमों के बीच शनिवार को यहां अंतिम लीग मैच भी होगा।

रोहित को गेंद लगी पर पहले टी-20 के लिए उपलब्ध रहेंगे

नई दिल्ली, 1 नवंबर (भाषा) ।

नेट सत्र के दौरान पेट के बाएं हिस्से में गेंद लगने से चोटिल हुए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को रविवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए फिट और उपलब्ध घोषित किया गया है।

रोहित को नेट सत्र की शुरुआत में ही थ्रोडाउन का सामना करते हुए यह चोट लगी थी। कुछ थ्रोडाउन का सामना करने के बाद एक गेंद तेजी से अंदर आई और उनके पेट में लगी। वे तुंरत ही नेट सत्र को छोड़कर चले गए और यह दिख रहा था कि जिस तेजी से थ्रोडाउन उनकी ओर आई थी, वे उससे खुश नहीं थे। बीसीसीआइ के मीडिया मैनेजर ने टीम की तरफ से जारी बयान में कहा, आज नेट में बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा के पेट के बाएं हिस्से में गेंद लगी। बीसीसीआइ की मेडिकल टीम उनकी चोट की जांच करने के बाद पुष्टि करती है कि वह पहले टी-20 के लिए फिट और उपलब्ध हैं। भारतीय टीम ने श्रीलंका के नुवान के रूप में बाएं हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ को रखा है।

रोहित ने गांगुली से की बात

नई दिल्ली, 1 नवंबर (भाषा) ।

कप्तान रोहित शर्मा ने शुक्रवार को बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव गांगुली को आश्वासन दिया कि उनकी टीम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण को लेकर बढ़ती चिंताओं के बावजूद रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने को तैयार है।

बीसीसीआइ सूत्र ने बताया, बीसीसीआइ अध्यक्ष ने टीम का हालचाल जानने के लिए फोन किया था। गांगुली ने रोहित शर्मा से चर्चा की कि टीम इस स्थिति से कैसे निपट रही है।

बोपन्ना क्वार्टर फाइनल में, शरण पेरिस मास्टर्स से बाहर

पेरिस, 1 नवंबर (भाषा) ।

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने अपने जोड़ीदार डेनिस शापोवालोव के साथ मिलकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि हमवतन दिविज शरण दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए।

बोपन्ना और उनके कनाडाई जोड़ीदार ने महज 59 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में मैनुएल गोंजालेज की अमेरिकी-अर्जेंटीनी जोड़ी को 6-1, 6-3 से शिकस्त दी। उन्होंने चार बार अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस तोड़ी और इस शानदार जीत के दौरान उन्हें एक भी ब्रेकप्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा। लेकिन शरण और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार आर्टेम सिटाक को फैब्रिस मार्टिन और जेरेमी चार्डी की फ्रांसीसी जोड़ी से 53 मिनट में 2-6 , 3-6 से हार का मुंह देखना पड़ा। शरण ने इस सत्र में दो खिताब जीते हैं।

नडाल ने वावरिंका को हराया, सिटसिपास से भिड़ेंगे जोकोविच

पेरिस, 1 नवंबर (एएफपी) ।

राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच ने क्रम से स्टान वावरिंका और काइल एडमंड को हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

नडाल ने तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन वावरिंका को 6-4, 6-4 से मात देकर उनके खिलाफ जीत का रेकार्ड 19-3 कर दिया। बारह दफा के फ्रेंच ओपन विजेता नडाल अब क्वार्टर में 2008 के चैंपियन जो विल्फ्रेड सोंगा से भिड़ेंगे जिन्होंने जर्मनी के जान लेनार्ड स्ट्रफ को 2-6, 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। उनसे पहले सोलह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच ने ब्रिटेन के काइल एडमंड को 7-6, 6-1 से मात दी और सातवें नंबर के खिलाड़ी स्टेफानोस सिटसिपास से भिड़ंत पक्की की जिनके खिलाफ उनका रिकार्ड 2-1 है। सिटसिपास ने एलेक्स डि मिनौर को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। नडाल और जोकोविच के बीच साल के अंत में विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर रहने की प्रतिद्वंद्विता जारी है। यह पक्का है कि 33 साल के नडाल अगले हफ्ते जारी होने वाली रैंकिंग में जोकोविच को पछाड़ देंगे लेकिन यहां खिताब जीतने से अगले महीने लंदन में होने वाले एटीपी टूर फाइनल्स से पहले ही वे साल के अंत में शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लेंगे। पूर्व नंबर तीन ग्रिगोर दिमित्रोव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवें वरीय डोमिनिक थिएम को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी और पहली बार पेरिस में अंतिम आठ में प्रवेश किया। अब सेमी फाइनल में जगह बनाने के लिए उनकी भिड़ंत क्रिस्टियन गारिन से होगी जिन्होंने फ्रांस के क्वालीफायर जेरेमी चार्डी को 6-7, 6-4, 7-6 से मात दी।

दिल्ली में प्रदूषण पर बांग्लादेश के कोच ने कहा | **मौसम की मार** | कहा, पिछली बार श्रीलंका के खिलाड़ियों को जूझना पड़ा था

स्थिति आदर्श नहीं पर किसी की मौत नहीं होगी : डोमिंगो

नई दिल्ली, 1 नवंबर (भाषा) ।

बांग्लादेश के कोच रसेल डोमिंगो ने स्वीकार किया कि यहां प्रदूषण के कारण हालात आदर्श नहीं हैं लेकिन कहा कि इससे 'किसी की मौत नहीं होने वाली' क्योंकि प्रदूषण उनके देश में भी समस्या है। डोमिंगो ने कहा कि भारत में खराब वायु गुणवत्ता का सामना करना उनके लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है जितनी कुछ अन्य देशों की टीमों के लिए है।

शुक्रवार को सुबह अभ्यास सत्र के दौरान बांग्लादेश के खिलाड़ियों अल अमीन, अबु हिदेर रोनी और टीम के स्पिन सलाहकार डेनियल विटोरी को क्षेत्ररक्षण सत्र के दौरान मास्क पहने देखा गया। डोमिंगो ने संवाददाताओं से कहा, हमें पता है कि श्रीलंका के खिलाड़ियों को पिछली बार जूझना पड़ा था और देखिए बांग्लादेश में भी थोड़ा प्रदूषण है, इसलिए कुछ अन्य देशों की तरह यह बेहद स्तब्ध करने वाली चीज नहीं है। खिलाड़ियों का ध्यान मैच पर है और उन्होंने इसे लेकर अधिक शिकायत नहीं की है। स्थिति बेहतर होने पर हालांकि खिलाड़ियों ने अपने मास्क हटा दिया लेकिन विटोरी और सहयोगी स्टाफ में शामिल अन्य गैर बांग्लादेशी सदस्यों ने ऐसा नहीं किया। डोमिंगो ने कहा, यह सिर्फ तीन घंटे की बात है इसलिए यह आसान रहेगा। आंखों में जलन, गले में खराब हो सकती है लेकिन यह कोई बड़ी समस्या नहीं है। कोई मरने नहीं वाला। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शुक्रवार को प्रदूषण का स्तर 'बेहद गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया जिसके बाद पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम एवं नियंत्रण) प्राधिकरण (ईपीसीए) ने जन स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की।

मास्क पहनकर अभ्यास सत्र में भाग लेते बांग्लादेश के खिलाड़ी।

शाकिब प्रकरण से बांग्लादेश के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा

बांग्लादेशी कोच रसेल डोमिंगो मानते हैं कि शाकिब अल हसन पर हाल में लगा प्रतिबंध भारत के खिलाफ आगामी टी-20 में टीम के प्रदर्शन को प्रभावित करेगा लेकिन उन्हें उम्मीद है कि उनके खिलाड़ी मजबूत मेजबान के खिलाफ चुनौती का डटकर सामना करेंगे। बांग्लादेश की तीन मैचों की टी-20 और दो मैचों की टैस्ट शृंखला की तैयारियों को तब बड़ा झटका लगा जब शाकिब को संदिग्ध भारतीय सट्टेबाज द्वारा भ्रष्टाचार करने के लिए तीन पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने के लिए टीम की रवानगी से एक दिन पहले दो साल के लिए प्रतिबंधित किया गया। डोमिंगो ने रविवार को यहां होने वाले पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले अभ्यास सत्र के बाद कहा, वे बांग्लादेश के लिए बड़ा खिलाड़ी हैं और वे काफी खिलाड़ियों का मित्र भी हैं। इसलिए निश्चित रूप से इसने कुछ खिलाड़ियों को प्रभावित किया है।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 348, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।